वैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 311 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

09 मई 2025 शुक्रवार

आज का मौसम

34 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




Page-7

## चंडीगढ़-अंबाला में हवाई हमले की वार्निंग, पाक के आर्मी कैंट पर भारत का ड्रोन अटैक



# पंजाब पर नापाक निगाहें, सेना का मुंहतोड़ जवाब, जैश के 7 आतंकी ढेर

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी।** बीती देर रात से जारी पाकिस्तान के दुस्साहस का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं। बीती रात जब पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों को ड्रोन और मिसाइल से निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की तो सेना बेहद आक्रामक मोड में आ गई और लाहौर से कराची तक पाकिस्तान को दहला दिया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ओकारा आर्मी कैंट पर आज सुबह भारत ने ड्रोन अटैक किया है। जिसकी पुष्टि की गई है। उधर बौखलाए पाकिस्तान की हर हरकत पर नजर रखी जा रही है। उसने गुरुवार को जम्मू कश्मीर से लेकर जैसलमेर तक हिन्दुस्तान के करीब 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की जो भारतीय सेना ने नाकाम कर दी। अब आज फिर पाक ने पंजाब में हमले की कोशिश की है, वायुसेना स्टेशन से संभावित अटैक की चेतावनी मिलने के बाद सुबह से चंडीगढ़ में हवाई हमले की चेतावनी वाले अलर्ट सायरन बज रहे हैं। इसके अलावा मोहाली में भी लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। पंजाब को हाई अलर्ट पर रखा गया है। चंडीगढ़ प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लोगों से घरों में रहने और बालकनी या छत पर न निकलने की सख्त हिदायत दी है। रिहायशी इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर है। पंजाब में सुरक्षा स्थिति के बिगड़ते हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अगले तीन दिनों के लिए पूरी तरह से बंद रखने का आदेश जारी किया है। भारत ने नापाक मंसूबों को ध्वस्त करते हुए अब जम्मू कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकियों को मार गिराया है। खबरों के मुताबिक, बीएसएफ ने सांबा में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ कर रहे सात घुसपैठियों को ढेर कर दिया गया।




पुंछ में हमलों से घरों को नुकसान

## आईपीएल अनिश्चितकाल के लिए हुआ स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच आज बडा फैसला लेते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। इससे पहले, आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने रात को ही कहा था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल जारी रहेगा। इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला भी रद्द कर दिया गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। तभी से आईपीएल को लेकर संशय था। अभी टूनार्मट में 16 मुकाबले बाकी हैं। आईपीएल इस वक्त अपने अंतिम पड़ाव पर था। फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इस अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।





## गाजा न बन जाए पाकिस्तान... !

ऑपरेशन सिंदूर के दर्द से पाकिस्तान ठीक से उबरा भी नहीं था कि उसे अपनी गुस्ताखियों की सजा फिर मिलने लगी है। अब तक पाकिस्तान की कई मिसाइलें और ड्रोन तबाह हो गए है। साथ ही लड़ाकू विमान भी खाक हो चुके हैं। भारत ने अपने कवच सुदर्शन चक्र यानी स-400 एयर डिफेंस सिस्टम से पहले पाकिस्तान के हवाई हमले को फुस्स किया और फिर इतने जख्म दिए कि उसके निशान जगह-जगह दिखाई दे रहे हैं। जानकार कह रहे हैं कि सेनाएं पूरी तरह तैयार है। युद्ध काल में एयर सुपीरियरिटी को प्राप्त करना बहुत असरदार रहा है। भारत ने पाक के टॉप डिफेंस सिस्टम्स को उड़ाया है। सेना के जानकारों का भी कहना है कि यदि इसके आगे भी अगर एस्केलेट और करते हैं तो पाकिस्तान अपना वजूद भी खो देगा, उसकी हालत गाजा जैसी भी हो सकती है।

## सेना प्रमुखों के साथ रक्षामंत्री की मंत्रणा

**■ भारत और पाकिस्तान के बीच हालात को लेकर आज राजनाथ सिंह ने सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ मंत्रणा की है। सेना की और से मंत्री को अब तक के तमाम हालतों व तैयारियों के संबंध में जानकारी दी गई। मीटिंग रक्षा मंत्रालय में हुई। इसमें पाकिस्तान से तनातनी से उपजे हालात पर मंथन किया गया है और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई है।**

## भारत ने 8000 एक्स अकाउंट बंद किए

पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत सरकार ने फेक न्यूज फैलाने वाले 8000 X अकाउंट बंद करने के आदेश दिए हैं। इनमें इंटरनेशनल न्यूज ऑर्गनाइजेशन के अकाउंट भी शामिल हैं। ङ्क ने यह दावा अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट के जरिए किया है। प्लेटफॉर्म ने कहा कि हम इससे सहमत नहीं हैं, ये पोस्ट और अकाउंट सिर्फ भारत में नहीं दिखेंगे। ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स ने अपने ऑफिशियल ङ्क अकाउंट पर पोस्ट कर कहा कि ऐसे अकाउंट्स और पोस्ट्स को बैन करने के आदेश जारी किए हैं, जो फर्जी खबरें, पाकिस्तान के लिए प्रोपेगैंडा और भारत विरोधी कंटेंट (टेक्स्ट, फोटो और वीडियो) फैला रहे हैं।कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए की गई है।

## मप्र में हाइअलर्ट, आज नमाज में हार की दुआ

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के बीच मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर में बिना अनुमति सभी तरह के आयोजन बैन कर दिए गए हैं। यह आदेश 4 जुलाई तक लागू रहेगा। भोपाल में आज सुबह लोगों ने बड़े तालाब किनारे बोट क्लब पर खड़े सुदर्शन चक्र टैंक पर चढ़कर तिरंगा फहराया। वंदे मातरम के नारे लगाए। इंदौर ट्रक ऑपरेटर्स एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सेना के ट्रांसपोर्ट के लिए अपने ट्रक उपलब्ध कराने की पहल की है। एसो का कहना है कि साढ़े सात लाख ट्रक सेना के परिवहन के लिए तैयार हैं। इधर तनावपूर्ण हालात को देखते हुए ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने देशभर की मस्जिदों से एक विशेष अपील की व कहा कि 9 मई को जुमे की नमाज के बाद भारत की जीत और पाकिस्तान की हार और उसे नेस्तनाबूद करने के लिए सामूहिक दुआ कराई जाए। बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष क़ाज़ी सैय्यद अनस अली ने मस्जिदों की प्रबंध समितियों और इमामों से कहा कि भारत-पाक युद्ध जैसे हालात बन चुके हैं। ऐसे में समय आ गया है कि देशभर की मस्जिदों से भारत की सलामती, तरक्की और कामयाबी के लिए दुआ की जाए।

## दुनिया के सामने पाक ने फैलाया कटोरा

■ बीती रात पाकिस्तान की बहुत बड़ा दुस्वप्न रही है। भारत ने उसके कई शहरों पर मिसाइलों व ड्रोन्स से हमला किया व कराची बंदरगाह पूरी तरह से बर्बाद होने की सूचना है। अब युद्ध के हालातों के बीच पाकिस्तान ने विश्व बैंक सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के सामने भीख का कटोरा फैला दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध और शेयर बाजार में जारी भारी गिरावट के बीच हम अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों से अपील करते हैं कि वह हमारी मदद करें। हमें और लोन की जरूरत है। पाकिस्तान के इकोनॉमिक अफेयर्स डिवीजन ने कहा कि दुश्मन ने काफी नुकसान पहुंचाया है। इस्लामाबाद ने बढ़ती जंग और शेयरों में गिरावट के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से मदद देने का आग्रह किया है। हालांकि बाद में पाक सरकार ने इसे फर्जी बताते हुए कहा कि यह अकाउंट हैक हो गया है। इस बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि भारत-पाक संघर्ष में हमारा कोई काम नहीं हैं। यद्दि अमेरिकी राष्ट्रपति दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए कह रहे हैं।



## पीएसएल पर खतरा मंडराया प्रायोजकों को लगेगी चपत

■ भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते पीएसल सुपर लीग के 10वें सीजन पर भी खतरा मंडराने लगा है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 मई को खेला जाएगा, लेकिन इस बीच अब ऐसा लग रहा है कि बीच में ही 10वें सीजन को रोका जा सकता है। पाकिस्तान में पीएसएल खेल रहे विदेशी खिलाड़ी भी भयभीत हैं। वे फौरन पाकिस्तान को छोड़कर वापस अपने देश जाना चाह रहे हैं। इन सबके बीच कल 8 मई को रावलपिंडी में होने वाले मैच को भी रद्द कर दिया गया था। दरअसल रावलपिंडी स्टेडियम के कुछ दूरी पर ही एक विस्फोट हुआ, जिसके कारण पीसीबी ने पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच होने वाले मैच को रद्द कर दिया। इन सब घटनाओं के बाद अब पीएसएल 2025 का क्या भविष्य होगा इसे लेकर कुछ साफ नहीं है। टूर्नामेंट रद्द हुआ तो पीएसएल टीम मालिकों को नुकसान होगा। सीजन रद्द हो गया तो ना सिर्फ पीसीबी को बड़ा नुकसान होगा बल्कि पीएसएल टीम मालिक भी बर्बाद हो जाएंगे। पीएसएल में कुल 6 टीमें हिस्सा लेती है। पीएसएल टीम मालिकों की कमाई का मुख्य जरिया मीडिया राइट्स और स्पॉन्सरशिप से होता है। भारत के साथ तनाव के कारण यहां पहले ही पीएसएल मैचों का प्रसारण बैन कर दिया गया है।




## आज सैनिकों के सम्मान में कांग्रेस की तिरंगा यात्रा

■ आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के पाकिस्तान पर करारे हमले के बीच आज सैनिकों के सम्मान में मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत अनेक नेता आज शाम हाथों में तिरंगा थामकर निकलेंगे। पीसीसी के पास रेडक्रास हॉस्पिटल के सामने शिवाजी चौराहे से शौर्य स्मारक तक कांग्रेस की तिरंगा यात्रा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, महासचिव संजय कामले, समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। कांग्रेस ने आमजन से भी अपील की है कि वे यात्रा में शरीक हों। कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा है कि आज शाम होने वाली तिरंगा यात्रा में केवल तिरंगा झंडा लेकर ही शामिल हों। यह राजनीतिक यात्रा नहीं बल्कि सैनिकों के सम्मान में यात्रा है इसलिए पार्टी के झंडे के बजाए राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हों। कांग्रेस ने कहा है कि भारत की सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान को मुंह की खानी होगी।



## सुदर्शन : एक साथ 300 टारगेट्स पर नजर, एक बार में 36 बर्बाद



**भारत की तरफ से पाकिस्तान को करारा जवाब देने वाले S-400 सुदर्शन चक्र का चर्चा खूब है। बताया जाता है कि यह दुनिया के सबसे एडवांस्ड लॉन्ग रेंज एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टमों में से एक है। भारत ने इस एयर डिफेंस सिस्टम को रूस से खरीदा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, देश में ऐसे तीन एयर डिफेंस सिस्टम ऑपरेशनल हैं और साल 2026 तक दो और सिस्टम आ जाएंगे। बीती रात इसने पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह किया है। S-400 एक मोबाइल सर्फेस टु एयर मिसाइल सिस्टम है। इसे एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाया जा सकता है। इस सिस्टम को साल 1990 के दशक में रूस में डेवलप किया गया। रूस अब इससे भी एडवांस एस-500 सिस्टम पर काम कर रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, रूस से इस एयर डिफेंस सिस्टम को खरीदने के लिए भारत ने कुछ साल पहले डील की थी। S-400 एक साथ 300 टार्गेट्स पर नजर रख सकता है और उनमें से एक बार में 36 टार्गेट्स पर हमला करके हवा में बर्बाद कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस एयर डिफेंस सिस्टम में 4 प्रकार की मिसाइल सुरक्षा के लिए होती हैं। 40N6 एक लॉन्ग रेंज मिसाइल जो 400 किलोमीटर तक जाकर दुश्मन की मिसाइल, फाइटर जेट को तबाह कर सकती है। 48N6 की रेंज 250 किलोमीटर तक है और 9M96E और 9M96E2 शॉर्ट रेंज मिसाइलें, जिनकी रेंज 120 किलोमीटर तक है। ये सभी तेजी से दुश्मन मिसाइलों की ओर बढ़ती हैं और उनसे टकराकर उन्हें खत्म कर देती हैं।**

## रेल्वे ने जम्मू व राजस्थान की ट्रेनों के रूट व टाइम बदला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच गुरुवार की रात हुए हवाई हमलों के बीच रेलवे भी अलर्ट मोड में आ गया है। उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा के लिहाज से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, कई ट्रेनों को री-शेड्यूल और कई के रूट्स डाइवर्ट किए गए हैं। कुछ ट्रेन सेवाओं में आंशिक रद्दीकरण, पुनर्निर्धारण और मार्ग में देरी जैसी बाधाएं सामने आ रही हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपने यात्रा कार्यक्रमों की जांच करने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा न हो। रेस्र्लवे ने कहा कि कमर्चारी अनजान नंबर से आने वाली कॉल्स को लेकर सतर्क रहे।

## आज फिर गरज-चमक के साथ गिरेंगी बौछारें, हवा होगी तेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में अब अगले 4 दिन यानी, 12 मई तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर रहेगा। इनमें से 2 दिन तो पूरे प्रदेश में ही मौसम बदला रहेगा। शुक्रवार यानि आज शाम तक भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर में तेज आंधी चलने की संभावना है। इसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट है। मौसम की इस पलटी से पिछले तीन चार दिन से तीखी गर्मी का अहसास गायब हो गया है।

## 21 करोड़ कीमत की तेंदुए की खाल जब्त, तस्कर पकड़े



**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।** डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की नागपुर यूनिट और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में दो तेंदुओं की खाल (सिर सहित) और एक जंगली सूअर के दांत जब्त किए गए हैं। खाल की कीमत 21 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई में दो वन्यजीव तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए खाल बेचने का सौदा कर रहे थे। सूचना के आधार पर डीआरआई ने होटल पर छापा मारकर यह कार्रवाई की। बताते हैं कि टीम ने उज्जैन वन विभाग को जानकारी दी और दोनों एजेंसियों की टीम ग्राहक बनकर होटल पहुंची।

## शिल्पग्राम महोत्सव का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री यादव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दमोह के बांदकपुर में देव श्री जागेश्वरनाथ लोक का भूमिपूजन करेंगे। डॉ यादव इसके पहले सुबह भोपाल के रविंद्र भवन में जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे बांदकपुर जाएंगे। बांदकपुर में वे देव श्री जागेश्वरनाथ लोक का भूमिपूजन करेंगे। इस भूमिपूजन के संदर्भ में डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस भूमिपूजन से बुंदेलखंड की आस्था और विरासत को नया आयाम मिलेगा।



### नियम-कानून को ताक पर रखकर आबकारी, पुलिस और स्कूल शिक्षा विभाग को दिखाया जा रहा ठेंगा

# डीईओ ऑफिस के बाद अब खुलेआम नदी किनारे पार्टी, वीडियो वायरल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग के भोपाल स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ बाबू सीजे जॉयसन की स्कूल शिक्षा मंत्री सहित आला अधिकारियों तक पहुंची शिकायतें की विभाग द्वारा जांच शुरू कर दी गई है, लेकिन बाबू जॉयसन को लेकर लगातार कई नए खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच अब एक कथित वीडियो वायरल हुआ है, जिससे पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है। यह वीडियो बाबू सीजे जॉयसन सहित कुछ शिक्षकों व शासकीय कर्मचारियों का बताया जा रहा है। वीडियो में कहा जा रहा है कि यह केन नदी के किनारे का दृश्य है। इस दौरान जमकर शराब पार्टी चल रही है। कुछ लोग ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहे हैं और नाव में शराब के जाम छलक रहे हैं। हालांकि यह वीडिया कितना पुराना है और इसमें नजर आने वाले कथित व्यक्तियों की पुष्टि दोपहर मेट्रो नहीं करता है, लेकिन विभागीय और विधि जानकार इस कृत्य को नियमों का उल्लंघन बता रहे है। ऐसे में विभागीय गलियारों में चर्चा यह है कि दर्जनों शिकायतों के बाद भी नियम-कानून को ताक पर रखकर बाबू जॉयसन आबकारी, पुलिस और स्कूल शिक्षा विभाग को ठेंगा दिखा रहा, लेकिन आज तक उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि सार्वजनिक स्थल पर शराब पार्टी और किसी सरकारी कर्मचारी का इस कृत्य में शामिल होना, दोनों ही नियमों का उल्लंघन होने के साथ ही कदाचरण की श्रेणी में आता है।

#### कथित वीडियो वायरल के बाद जेडी ने शुरू की जांच

मामले में शिकायतों की जांच कर रहे अरविंद चौरगढ़े, संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, संभाग भोपाल का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह से शराब पीना नियमों का उल्लंघन है। वीडियो वायरल की जानकारी आई है, जिसके बाद जांच में इसे भी शामिल किया गया है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई के साथ ही मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। विभागीय सूत्रों की माने तो स्कूल शिक्षा मंत्री सहित अन्य जगहों पर हुई शिकायत के बाद मामले में जाचं के लिए बैठी कमेटी के सामने सीजे जॉयसन के नियम विरूद्व दो-दो आवास आवंटित कराने के मामले का खुलासा हुआ है। जिसके बाद इसको लेकर विभाग स्तर पर कार्यवाही शुरू हो गई है। जानकारों की मानें तो इस मामले में मकान का आवंटन निरस्त होने के साथ ही जॉयसन के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। वहीं दूसरी ओर अन्य शिकायतों को लेकर भी जेडी स्तर पर बनाई गई जांच कमेटी द्वारा भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार और बाबू सीजे जॉयसन के बयान लिए गए है। जिसके बाद जल्द ही रिपोर्ट लोक शिक्षण संचालनालय भेजने की तैयारी है।

### मॉक ड्रिल से सामने आई कमजोरी, प्रमुख स्थानों पर ताकतवर साइरन लगेगा

# सतर्क करने वाला सायरन हुआ कमजोर, नया सिस्टम लगेगा

#### स्कूल-कॉलेज में छात्र-छात्राओं को सायरन का मतलब और व्यवहार की दी जाएगी जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**हाल में माक ड्रिल के समय यह तथ्य उभरा था कि राजधानी में लोगों को सायरन ही सुनाई नहीं दे रहा, इसकी वजह दशकों पुराना सायरन सिस्टम रहा, अब आकार में बढ चुके शहर में युद्ध या आपात स्थिति में लोगों को सतर्क करने के लिए भोपाल में नया सायरन सिस्टम लगाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। अब सायरन शहर के प्रमुख स्थानों और बाजारों में लगाया जाएगा। इसका पूरा कंट्रोल प्रशासन के पास होगा। यह सिस्टम कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जुड़ा रहेगा। मॉक ड्रिल में सभी इलाकों में सायरन नहीं सुनाई देने की बात सामने आने के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा है कि अब इस पर पुलिस कमिश्नर से बैठक कर जल्द निर्णय होगा।**

ज्ञात हो कि माक ड्रिल के मौके पर राजधानी में सायरन बजाने के लिए प्रमुख चौहारों पर लगे ट्रैफिक पुलिस के साउंड सिस्टम, पुलिस गाड़ियों पर लगे हूटर से ब्लैक आउट के लिए रेट अलर्ट और ग्रीन अलर्ट के सायरन बजाने पड़े. इसके अलावा ब्लैक आउट की फौरी व्यवस्था के लिए नगर निगम के गारवेज कंटेनरों से भी सायरन बजाए, इसके बाद भी नाकाफी साबित हुए। दरअसल, भोपाल में 1971 में पाक से युद्ध के समय लगाया गया सायरन सिस्टम अब के हिसाब से कमजोर हो चुका है। अब नया सायरन सिस्टम पूरे शहर में एक साथ ऑपरेट हो सकेगा। इससे एक सेकंड में ही लोगों को इमरजेंसी की सूचना मिल जाएगी। लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। स्कूल-कॉलेज में छात्र-छात्राओं को सायरन का मतलब और व्यवहार की जानकारी दी जाएगी। मॉक ड्रिल में कई जगह लाइट बंद नहीं हुई। इसलिए सिस्टम को और बेहतर बनाया जाएगा। भेल और अन्य फैक्ट्रियों को भी सायरन सिस्टम से जोड़ा जा सकता है। इसके साथ आईटीएम के पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का भी उपयोग किया जाएगा। स्कूल-कॉलेज में इसके लिए जागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा।



#### शहर में प्रवेश करने वाले हर वाहन की ली गई तलाशी

उल्लेखनीय है कि कल फिर पाकिस्तान से भडके तनाव के बीच राजधानी में रात 12 बजे अलर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट सहित शहर के 30 पॉइंट पर पुलिस बल तैनात किया गया। शहर के प्रमुख चौराहे, वीवीआईपी इलाकों को कवर किया गया है। यह जवान हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। शाम को शहर के एंट्री पॉइंट पर चेकिंग शुरू कर दी गई। शहर में प्रवेश करने वाले हर वाहन की तलाशी ली गई। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने कहा कि संदेह होने पर संबंधित व्यक्ति की चेकिंग की जा रही है। जरूरत पड़ने पर पूछताछ भी की जा सकती है। वहीं, पुलिस कंट्रोल रूम में बैठे जवान सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर स्थिति पर निगाह बनाए हैं। इससे पहले पुलिस अधिकारियों की एक बैठक भी हुई। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। कल मुस्तैदी का यह आलम रहा कि एयरपोर्ट पर गाड़ी के अंदर सामान तक की जांच की गई। शहर पुलिस ने शहर के वीआईपी, व्यस्ततम और संवेदनशील इलाकों और चौराहों को चिह्नित किया है। बीती रात 11 बजते-बजते लगभग हर चौराहे पर 4 से 5 पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया था। एयरपोर्ट रोड पर पुलिस ने आने-जाने वाले हर वाहन को रोककर चेकिंग की। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

#### लाइटबंद नहीं करने वाले चिह्नित

बताया जाता है कि बुधवार को हुई ब्लैक आउट मॉक ड्रिल में कई कमियां सामने आई थीं। पुलिस ऐसे लोगों को चिह्नित कर रही है, जिन्होंने ब्लैक आउट में लाइट बंद नहीं की। इस मॉक ड्रिल के समय पुलिस ने 34 थानों के बल को अलग-अलग जगह तैनात किया था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि हकीकत जानने के लिए कई जगह ड्रोन उड़ाए गए थे। इससे उन लोगों को चिह्नित किया गया है, जिन्होंने लाइट बंद नहीं की। इन सभी को समझाइश देने के साथ सिविल डिफेंस का महत्व बताया जाएगा। पुलिस के पास मौजूद फोटो में सबसे ज्यादा दुकानों के बाहर लगे बोर्ड जलते मिले हैं। लोग सड़कों पर लाइट जलाकर वाहन भी चलाते रहे। अब इन सभी को बताया जाएगा कि दोबारा ऐसा हुआ तो कार्रवाई होगी।

### उच्च शिक्षा मंत्री की बैठक

## विश्वविद्यालय को सभी रिक्त पदों को भरने के निर्देश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रि-परिषद के निर्णय के परिपालन में गठित विश्वविद्यालयों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के संबंध में गठित समिति एवं ष्विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पेंशन आदि के लिए गठित समिति की बैठक लेकर विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की। विश्वविद्यालयों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के संबंध में गठित समितिष् ने विश्वविद्यालय की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ करने एवं अन्य बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श कर, अनुशंसाओं के अंतिम प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया। परमार ने कहा कि समिति द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन में निहित अनुशंसाओं पर, विभागीय परीक्षण उपरांत प्रभावी क्रियान्वयन का प्रयास किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पदोन्नति, पेंशन आदि के लिए गठित समिति ने, महाविद्यालयों की तरह विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पदोन्नति, पेंशन आदि से जुड़े विविध विषयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मापदंडों के अनुसार एकरूपता रखी जाने को लेकर व्यापक चिंतन-मंथन कर, अंतिम प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया गया। मंत्री परमार ने प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन के विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री परमार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय रिक्त पदों पर भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों को रिक्त पदों में, नियम अनुरूप एवं समस्त आवश्यक मापदंडों एवं मानकों का पालन करते हुए यथाशीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, विश्वविद्यालयों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के संबंध में गठित समिति के अध्यक्ष प्रो. आर.पी. तिवारी, कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालयीन प्राध्यापकों की भर्ती, नियुक्ति, पेंशन आदि के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. भरत मिश्रा सहित 11 सदस्यीय उक्त दोनों समितियों के विभिन्न सदस्य कुलगुरु, उनके प्रतिनिधि एवं समन्वय अधिकारी उच्च शिक्षा अनिल पाठक उपस्थित रहे।

### आंखों, दांतों एवं ब्लड शुगर की जांच की

## सेवासदन : पुलिस आयुक्त कार्यालय में लगाया कैंप



**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने गुरुवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 149 पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों की नेत्र, दंत और ब्लड शुगर की जांच की गई। कमजोर दृष्टि वाले लोगों को मुफ्त चश्मे और आई ड्रॉप दिए गए और दांतों की समस्या वाले लोगों को डॉक्टर वेंटाज पेस्ट दिया गया। शिविर का उद्घाटन डीसीपी श्रद्धा तिवारी और एडीसीपी नीतू ठाकुर ने किया, और पुलिस आयुक्त हरि नारायण आचार्य मिश्रा ने दोपहर में शिविर का दौरा किया। इस अवसर पर, डॉ. एमडी भगतानी और सेवा सदन के प्रशासक कुशल धर्मानी को विशेष शील्ड देकर सम्मानित किया गया। शिविर में प्रेस क्लब के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार सतीश बत्रा का भी विशेष योगदान रहा। समापन समारोह में, डीसीपी ने शिविर में सेवाएं देने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों को सम्मानित किया, जिनमें डॉ. एनी अंकिता, डॉ. कोमल दासवानी, अजय सिंह, हीरो थानवानी, अजय कुशवाह, शिवानी गौर, पूनम बिसारिया, अनिल विश्वकर्मा और पुष्पा चंदनानी शामिल थे।

### थोड़ी सी बारिश से यह हाल



भोपाल। शहर में दो दिन हुई बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरा।

## तनाव का असर मुसाफिरों पर, घटने लगी बुकिंग, स्टेशन भी भीड़ हुई कम

**भोपाल।** पाकिस्तान से बढ रहे भारत के तनाव का असरअब रेल और हवाई यात्रा पर पड़ना शुरू हो गया है। भोपाल स्टेशन का रिजर्वेशन ऑफिस और शाम के समय प्लेटफॉर्म पर भी काफी कम यात्री दिखाई दे रहे हैं। ट्रेवल एजेंसियों के ऑफिस में भी पूछताच और लोगों की आमद कम होने लगी है। इनके यहां से होने वाले हवाई और रेल टिकटों की बुकिंग काफी घट गई। बताया जाता है कि आईआरसीटीसी के पश्चिम क्षेत्र में करीब 11 हजार से ज्यादा ऑनलाइन टिकट दो दिन में कैंसिल हुए हैं। इसमें भोपाल रेलवे स्टेशन भी शामिल है। इधर, भोपाल रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन ऑफिस से तीन दिन के दौरान 241 रिजर्वेशन कैंसिल करवाए गए। सबसे ज्यादा 99 रिजर्वेशन गुरुवार को कैंसिल हुए। जबकि बुधवार को 75 और मंगलवार को इनकी संख्या 67 रही थी। वहीं राजा भोज एयरपोर्ट पर भी यात्रियों की संख्या में 300 से अधिक की कमी दिखी। यहां रोज करीब साढ़े तीन हजार से ज्यादा यात्री आवागमन करते हैं।

## पोर्टल बना : सेहत महकमे की ट्रांसफर प्रक्रिया ऑनलाइन

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने ट्रांसफर प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए ई-एचआरएमएस पोर्टल तैयार किया गया है। इसमें आवेदन से आदेश तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। सभी जिलों में रिक्त पदों की जानकारी अपलोड कर दी गई है। इससे 46 हजार से ज्यादा कर्मचारियों के ट्रांसफर होंगे। नई तबादला नीति के लिए पॉलिसी बन गई है। एक सप्ताह में ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। कैबिनेट से मंजूरी के बाद 31 मई तक ट्रांसफर किए जा सकेंगे। एनएचएम संविदा कर्मचारियों के लिए भी ट्रांसफर पॉलिसी मंजूर हो गई है। इच्छुक कर्मचारी 13 मई की रात 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन HRMIS.NHMMP.GOV.IN पोर्टल पर करना होगा।

**मेट्रो एंकर** | विकास कार्यों का जायजा लेने विधायक निकले दौरे पर

# विधायक ने रेल अफसरों से पूछा तो बोले- अक्टूबर तक पूरा होगा काम

**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।**

विधायक रामेश्वर शर्मा ने गुरुवार को लालघाटी, गांधीनगर और संतनगर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। दौरे में राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, एसडीएम और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विद्युत और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

**लालघाटी ग्रेड सेपरेटर और सर्विस रोड :** विधायक शर्मा ने लालघाटी पहुंचकर ग्रेड सेपरेटर के दूसरे हिस्से के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, जिसे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रुकवा दिया था। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिलेंगे। शर्मा ने यह भी बताया कि लालघाटी से एयरपोर्ट रोड पर सिंगारचोली आरओबी के नीचे सर्विस रोड को जल्द ही व्हाइट टॉपिंग तकनीक से बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सर्विस रोड को अधिकतम चौड़ाई के साथ बनाने और बिजली के खंभों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया।



**एयरपोर्ट रोड को 10 लेन होगी :** विधायक रामेश्वर शर्मा ने गांधीनगर के आशाराम चौराहे से गांधीनगर बस स्टैंड और एयरपोर्ट रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग को 10 लेन किया जाएगा। गौरतलब है कि अयोध्या बायपास से गांधीनगर आशाराम चौराहे तक 8 लेन का मार्ग बनाया जा रहा है। हालांकि, एयरपोर्ट का मुख्य मार्ग होने के कारण विधायक शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से इसे 10 लेन करने की मांग की थी, जिसे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने स्वीकार कर लिया है।

**एलिवेटेड ब्रिज और सीवेज लाइन :** विधायक रामेश्वर शर्मा ने संतनगर में बन रहे एलिवेटेड ब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को इसके पिलर अगस्त तक पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि बारिश और व्यावसायिक सत्र में नागरिकों और व्यापारियों को असुविधा न हो।

#### रेल अधिकारियों का फटकारा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने संतनगर के फाटक रोड पर बन रहे आरओबी के निर्माण का निरीक्षण किया और रेलवे अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने अपना काम पूरा कर लिया है, लेकिन रेलवे अधिकारी अपने हिस्से का काम पूरा करने के लिए नई तारीखें दे रहे हैं, जो गलत है। उन्होंने कहा कि नागरिकों ने अपने व्यापार और व्यवसाय को रोककर सहयोग किया है, और नागरिकों को शहर के एकमात्र श्मशान घाट तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है, जो अस्वीकार्य है।

### तकनीकी शिक्षा : प्रवेश को लेकर तैयार की गाइडलाइन, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

# बाहरी राज्य के विद्यार्थियों को अंतिम राउंड तक डेढ़ दर्जन कोर्स की सीटों पर प्रवेश

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

एमपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड के परिणाम जारी होने के साथ ही उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में प्रवेश को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग ने आगामी सत्र 2025-26 में प्रवेश देने के लिए गाइडलाइन तैयार कर ली है। इसमें काफी परिवर्तन किया गया है। इसमें खास बात यह रहेगी कि अब बाहरी राज्य के विद्यार्थियों को अंतिम राउंड तक सरकारी इंजीनियरिंग कालेज और पालीटेक्निक सहित डीटीई के डेढ़ दर्जन कोर्स की सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। बशर्तें सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य का विद्यार्थी कतार में नहीं होना चाहिए। उक्त सीटों को आल इंडिया कोटे से भरा जाएगा। इसके अलावा टीएफडब्ल्यू की सीटों पर अंतिम राउंड तक प्रवेश दिए जाएंगे।




## शासन ने इस नियम में संशोधन किया

डीटीई की काउंसलिंग के अंतिम राउंड में सरकारी कॉलेज और पॉलिटेक्निक के कई कोर्स की सीटें रिक्त रह जाती थीं। सीटें रिक्त रहने पर बाहरी राज्यों का पांच फीसदी कोटा फुल होने पर विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाता था। शासन ने उक्त नियम में संशोधन किया है। अब आल इंडिया कोटा की पांच फीसदी आरक्षित सीटों पर प्रवेश होने के बाद सरकारी कालेज और पालीटेक्निक में संचालित होने वाले करीब डेढ़ दर्जन डिप्लोमा, यूजी और पीजी डिग्री में सीटें रिक्त रहती हैं, तो विभाग मप्र कोटे की सीटों पर प्रवेश को कोई विद्यार्थी नहीं मिलने की दशा आल इंडिया कोटे के तहत बाहरी राज्य के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इससे सरकारी कालेज और पालीटेक्निक में खाली रहने वाली सीटों पर प्रवेश हो सकेंगे। पूर्व में सीटें रिक्त रहने की दशा में नियम में बंधे होने के कारण अधिकारी बाहरी राज्य के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दे पाते थे। वहीं विद्यार्थी निराश होकर निजी कॉलेज और पॉलिटेक्निक में

## प्रदेशभर में हुआ 15 हजार ईको क्लबों का गठन, प्रत्येक स्कूल में लगाए 35 पौधे

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

प्रदेश में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में ईको क्लब का गठन लगातार किया जा रहा है। अब तक 15 हजार ईको क्लब का गठन किया जा चुका है। प्रदेश में वर्ष 2022-23 से यूथ एण्ड ईको क्लब के गठन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये थे। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ईको क्लब की गतिविधियों के संबंध में कैलेण्डर जारी किया जाता है। शैक्षणिक सत्र-2024-25 में 5 से 12 जून, 2024 तक राज्य में पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में ÷एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान, जल शक्ति अभियान, सम्पोषणीय जीवन-शैली संबंधित गतिविधियाँ, ईको हेकाथॉन के साथ निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गयीं। निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक जीवित गवाह, एक पेड़ की नजर से रखा गया था। वहीं स्कूलों में शैक्षणिक-सत्र 2025-26 के लिये पर्यावरण पर केन्द्रित कैलेण्डर तैयार किया जा रहा है। कैलेण्डर के अनुसार ईको क्लब में विद्यार्थियों की गतिविधियाँ सुनिश्चित की जायेंगी।

**शैक्षणिक-सत्र 2025-26 के लिये तैयार किया जा रहा है कैलेण्डर**

### पहली अंडर ग्राउंड वाटर स्टोरेज परियोजना

# पहाड़ों के बीच जमीन में उतारा जाएगा ताप्ती का पानी

**मप्र-महाराष्ट्र के बीच 20 हजार करोड़ रुपए की परियोजना**

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

**अब ताप्ती नदी पर देश का पहला और दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड वाटर स्टोरेज प्रोजेक्ट जल्द ही हकीकत बनने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र 10 मई को मेमोरंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओयू) साइन करेंगे। 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की इस परियोजना को केंद्र सरकार 100 फीसदी फंडिंग दे सकती है। प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस कल 10 मई को भोपाल आ रहे हैं। वे यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोनों राज्य इस परियोजना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगे। उप्र के साथ केन-बेतवा लिंक और राजस्थान के साथ पार्वती-कालीसिंध-चंबल पर पीकेसी लिंक के बाद महाराष्ट्र की साझेदारी में ताप्ती नदी पर यह तीसरी बड़ी राष्ट्रीय परियोजना होगी। मप्र-महाराष्ट्र के एमओयू होने के बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करेगा।**



### कैसा होगा यह प्रोजेक्ट-

ताप्ती नदी के बाढ़ के पानी को बुरहानपुर और जलगांव (महाराष्ट्र) के बीच चोपड़ा नामक जगह पर दो चट्टानी पहाड़ों के बीच मौजूदा 250 वर्ग किमी के बजाड़ा जोन में उतारा जाएगा। इससे हर साल आसपास के 50 किलोमीटर के दायरे में 2 मीटर तक भूजल स्तर में इजाफा होगा। बजाड़ा एक भूगर्भीय प्राकृतिक संरचना है, जो दो विशाल चट्टानों के बीच के गैप में मौजूद रेत व जलोढ़ मिट्टी की कमजोर सतह होती है, जो एक्विफर (भू-जल) संरक्षित कर सकती है। खंडवा की खालवा तहसील और अमरावती जिले की अमरावती तहसील के बीच खरिया-गुटीघाट के बीच एक छोटा बांध बनेगा।

### राष्ट्रीय प्रोजेक्ट का 90 फीसदी खर्च उठाती है केन्द्र

आमतौर पर राज्यों के साथ राष्ट्रीय प्रोजेक्ट की 90 फीसदी लागत केंद्र सरकार उठाती है। वहीं, 10-10 फीसदी लागत राशि राज्यों को वहन करनी होती है। लेकिन जल संसाधन विभाग के अफसरों का कहना है कि यह देश का पहला और यूनिक प्रोजेक्ट है, जिसमें भूमि-अधिग्रहण का खर्च नहीं है, ना ही स्थानीय लोगों का विस्थापन है। इसलिए ऐसे प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार 100 फीसदी फंडिंग कर सकती है।



### राजधानी स्थित शारदा विहार आवासीय परिसर में हुआ सूर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

# मातृशक्ति ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, शौर्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी द्वारा राजधानी स्थित शारदा विहार आवासीय परिसर में शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं-महिलाओं को आत्मरक्षा के विविध कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें दंड, नियुद्ध, तलवार संचालन, योग और बड़े खेल जैसे शारीरिक अभ्यास प्रमुख रहे। समापन अवसर पर साध्वी रंजना दीदी ने आशीर्वचन देते हुए बहनों को आत्मबल, संस्कार और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी। डॉ. वंदना गांधी ने राष्ट्रीय जागरण में मातृशक्ति की भूमिका विषय पर विचार रखे। वर्ग का प्रतिवेदन प्रांत संयोजिका भावना सिंह ने प्रस्तुत किया।इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष के. शर्मा, प्रांत उपाध्याय नवल तथा प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत कर उन्हें आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता के लिए तैयार करना था।



### निर्धारित किस्तों में एरियर भुगतान कर उच्च शिक्षा संचालनालय को भेजनी होगी रिपोर्ट

# प्राध्यापकों को छठवें वेतनमान के तहत भुगतान के निर्देश

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी महाविद्यालयीन प्राध्यापकों को छठवें वेतनमान के तहत 10 हजार अकादमिक ग्रेड-पे (एजीपी) भुगतान करने के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक व कॉलेज प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे मई 2025 तक वेतन संशोधन पूर्ण कर प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करें, और निर्धारित किस्तों में एरियर भुगतान कर उच्च शिक्षा संचालनालय, भोपाल को रिपोर्ट भेजें। यह प्रावधान 1 जनवरी 2006 से लागू होगा, जिससे उनका मूल वेतनमान 37,400-67,000 .एजीपी 10,000 हो जाएगा। 1 जनवरी 2006 से सभी सीधी भर्ती, पदोन्नत व पदनामित प्राध्यापकों को समान लाभ मिलेगा। लेकिन 14 सितंबर 2012 के परिपत्र के अनुरूप, पदोन्नत प्राध्यापकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि नहीं मिलेगी। पहली किस्त दिसंबर 2025, दूसरी किस्त जुलाई 2026 और तीसरी किस्त जुलाई 2027 तक दी जाएगी। वहीं सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को एकमुश्त भुगतान (दिसंबर 2025) तक किया जाएगा।



### तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने किया मार्गदर्शिका का विमोचन , बोले-

# सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाने है प्रयत्नशील

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को मंत्रालय स्थित प्रतिकक्ष में तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर तैयार विस्तृत मार्गदर्शिका का विमोचन किया। इस अवसर पर आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु सतत प्रयत्नशील है। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती है। मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन के लिए एक विस्तृत मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें पाठ्यक्रमों की जानकारी, पात्रता एवं प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया उपलब्ध है। मंत्री परमार ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए, उन्हें कौशल आधारित इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए आमंत्रित किया है। मंत्री परमार ने विद्यार्थियों से कहा कि उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लीजिए, कौशल सीखिए एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनिए। मंत्री परमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित की है।

## अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे हो सकेगी बात

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी राजेन्द्र शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में टेली मेडिसिन सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे मरीज की बात हो सकेगी एवं उचित उपचार प्राप्त हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भीड़ एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में स्थापित टेली मेडिसिन सेंटर में आने वाले कॉल्स की संख्या बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह कार्य करेगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि टेली मेडिसिन योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा की प्राथमिकता वाली योजना है।




**मेट्रो एंकर** जल गंगा संवर्धन अभियान में लक्ष्य को पूरा करने वाला बना मप्र का पहला जिला

# कूप रिचार्ज पिट निर्माण में खंडवा ने टारगेट किया हासिल

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश पुराने जल स्त्रोतों को सहेजने, नया जीवन देने और किसानों को सिंचाई व पीने के लिए नलकूप, कुओं से पर्याप्त मात्रा में पानी मिले, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) अंतर्गत खेत तालाब, कूप रिचार्ज पिट, सोख्ता गड्ढ़ा, बोरी बंधान सहित बारिश का पानी रोकने के लिए अन्य कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी जिलों को लक्ष्य भी दिया गया है। खंडवा जिला प्रदेश का पहला ऐसा जिला बना है, जिसने कूप रिचार्ज पिट निर्माण में 100 फीसदी का लक्ष्य हासिल किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत खंडवा जिले को 4 हजार 700 कूप रिचार्ज पिट बनाने का लक्ष्य मिला था, जिसे समय से पहले और लक्ष्य से अधिक पूरा कर लिया गया है। जिले में 4 हजार 838 कूप रिचार्ज पिट बनाए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ खंडवा नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में 15 हजार कूप रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं, करीब 10 हजार का कार्य प्रगतिरत है।



**जल संचय, जन भागीदारी अभियान में देश में तीसरे नंबर पर है खंडवा जिला-** बारिश के पानी का संचयन करने के लिए भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संचय, जन भागीदारी अभियान राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है, इसमें देश के सभी जिलों में बारिश के पानी को एकत्र करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज पिट, स्टॉप डैम, सोख्ता गड्ढा सहित विभिन्न प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश का खंड़वा जिला 7 मई की स्थिति में देश में तीसरे नंबर पर है।

### 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक चलेगा अभियान

प्रदेश में बारिश के पानी को सहेजने, पुराने जल स्त्रातों को संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

### कूप रिजार्च पिट के फायदे

कूप रिचार्ज पिट, जिसे रिचार्ज शाफ्ट या रिचार्ज पिट भी कहा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य भू-जल स्तर को बढ़ावा देना है। बारिश का पानी जमीन के अंदर रिसने से भू-जल स्तर बढ़ता है। साथ ही कूप या नलकूपों के सूखने की संभावना भी कम रहती है। साथ ही सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहती है।

## संपादकीय

# ट्रंप की नई कसक

दुनिया में जारी कई तरह की उथलपुथल के बीच भी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अपनी ही रौ में हैं। उन्होंने अब वैश्विक वस्तु व्यापार यानि टैरिफ जंग इस अनुमान के आधार पर शुरू की थी कि अधिकांश देशों के साथ भारी घाटे के चलते अमेरिका को नुकसान हो रहा है और संरक्षणवादी शुल्क निवेश और रोजगार को अमेरिका में वापस लाएंगे। मगर अर्थशास्त्री कहते आए कि इस मामले में उनके तर्क पूरी तरह गलत हैं। अब अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा विदेश में बनी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लागू करने का निर्णय लिया है, यह पूरी तरह अतार्किक माना जा रहा है और यह साबित करने के लिए किसी अकादमिक विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है। ट्रंप को लगता है कि अमेरिकी फिल्म उद्योग 'नष्ट' हो चुका है और उन्होंने अपने 'हॉलीवुड के तीन विशेष दूतों' में से एक जॉन वोइट तथा दो अन्य मेल गिब्सन और सिल्वेस्टर स्टोन के कहने पर यह कदम उठाया है ताकि दुनिया भर में सबसे चर्चित अमेरिकी फिल्म केंद्र में कारोबारी अवसरों को बढ़ाया जा सके। पहली बात तो यह कि फिल्में सेवाक्षेत्र में आती हैं इसलिए इस कदम को सेवा क्षेत्र में टैरिफ के विस्तार का संकेत माना जा रहा है। ऐसा करने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। फिल्मों के क्षेत्र में अमेरिका निरंतर व्यापार अधिशेष की स्थिति में रहा है। ताजा आंकड़े वर्ष 2023 के उपलब्ध हैं और उनके मुताबिक उस वर्ष अमेरिका को फिल्मों के मामले में 15.3 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष हासिल था। जिस तरह अमेरिका ने अपने प्रमुख कारोबारी साझेदारों के साथ वस्तु व्यापार की जंग शुरू की है, यह कदम भी जवाबी प्रतिबंधों की वजह बन सकता है और इस तरह हॉलीवुड को नुकसान पहुंचा सकता है। इस उद्योग को अपना अधिकांश बॉक्स ऑफिस राजस्व विदेश से मिलता है। वर्ष 2024 में 30 अरब डॉलर मूल्य की वैश्विक टिकट बिक्री का 70 फीसदी हिस्सा अमेरिका और कनाडा के बाहर से आया। सवाल यह है कि क्या यह नियम उन फिल्मों पर भी लागू होगा जिन्हें अमेरिकी फिल्म कंपनियों ने अमेरिका के बाहर दूसरे देशों में शूट किया है? क्या यह नेटफ्लिक्स जैसी स्ट्रीमिंग सेवाओं पर भी लागू होगा। दरों का आकलन किस प्रकार किया जाएगा? वैसे तो प्रशासन में किसी के पास इन बातों का कोई जवाब नहीं नजर आ रहा है लेकिन यह ट्रंप की पारंपरिक शैली के अनुरूप ही है जिसमें उन्होंने कहा कि वह उद्योग जगत के अधिकारियों से मिलकर देखेंगे कि उनको यह विचार पसंद आया या नहीं? मेक हॉलीवुड ग्रेट अगेन की भावना ट्रंप की उन्हीं चिंताओं से उत्पन्न हुई है जो उन्होंने विनिर्माण को लेकर प्रकट की है- यानी उत्पादन संबंधित सेवाओं की नौकरियां जो विदेश में जा चुकी हैं। तथ्य यह है कि अमेरिकी फिल्मकार करीब एक दशक से अमेरिका से बाहर जा रहे हैं क्योंकि कैलिफोर्निया में फिल्म बनाना महंगा है।अमेरिकी फिल्म उद्योग लंबे समय से यह मांग कर रहा है कि लागत कम करने के लिए फेडरल कर प्रोत्साहन दिए जाएं। इन बाधाओं के बावजूद अमेरिका फिल्म और टीवी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। भारतीय फिल्मों के बॉक्स ऑफिस संग्रह में अमेरिका से होने वाली आय केवल 5-7 फीसदी ही है, जबकि अमेरिका में शीर्ष 10 कमाई वाली सभी फिल्में अमेरिकी हैं। यानि हॉलीवुड पहले ही बहुत अहम है और उसे महान बनने के लिए किसी टैरिफ संरक्षण की जरूरत नहीं नजर आ रही।

# भारतीय वैश्विक छवि मजबूत करेगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

■ डॉ. जगदीप सिंह

**यह एयर स्ट्राइक भारत की उभरती वैश्विक शक्ति की छवि को मज़बूत करेगी और आर्थिक रूप से, यह पाकिस्तान को गहरे संकट में धकेल सकता है। भारत को भी सीमित नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत को अपनी कार्रवाइयों को आत्मरक्षा के रूप में वैध ठहराने के लिए मजबूत कूटनीति की आवश्यकता होगी।**




भारत द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक, जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में जाना गया, भारत की उभरती वैश्विक शक्ति की छवि को मज़बूत करेगी। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों द्वारा हवाई क्षेत्र बंद करने और सिंधु जल संधि को निलंबित करने जैसे कदमों ने पहले ही क्षेत्रीय अस्थिरता क़ायम है। यह स्ट्राइक, मुरिदके और बहावलपुर में स्टैंड ऑफ हथियारों से की गई है। पाकिस्तान द्वारा इसे 'युद्ध का खुला ऐलान' कहे जाने के बाद वैश्विक शक्तियों को प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर कर सकती है। अमेरिका, भारत का रणनीतिक साझेदार है जो, आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के रूप में इसका समर्थन कर सकता है, जबकि चीन, पाकिस्तान का सहयोगी, उसके स्वर में बोलेगा, जिससे भारत-चीन तनाव और गहरा होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कूटनीतिक टकराव की संभावना है। जहां भारत इसे आत्मरक्षा मानता है और पाकिस्तान इसे आक्रामकता कहेगा। आर्थिक रूप से, इस कार्रवाई का पाकिस्तान की कमजोर अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ेगा। इससे कूटनीतिक अलगाव का जोखिम भी है, जिससे दक्षिण एशिया में दीर्घकालिक अस्थिरता बढ़ सकती है।

पहलगाम हमले के बाद, भारत ने कठोर कदम उठाए थे जैसे पाकिस्तानी उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करना और सिंधु जल संधि को निलंबित करना। पाकिस्तान ने इसे 'युद्ध जैसी कार्रवाई' करार दिया, और इस एयर स्ट्राइक को 'संप्रभुता का उल्लंघन' बताकर जवाबी सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। ऐतिहासिक रूप से, 2019 की बालाकोट स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने जवाबी हवाई हमले की कोशिश की थी। 2025 में, यदि पाकिस्तान सैन्य जवाब देता है, तो यह पूर्ण युद्ध में बदल सकता है, जिसका असर वैश्विक स्थिरता पर पड़ेगा। इसके अलावा, पाकिस्तान आतंकवादी समूहों जैसे जैश-ए-मोहम्मद को उकसा सकता है, जिससे भारत में और हमले हो सकते हैं।

अमेरिका, जो भारत को क्वाड और इंडो-पैसिफिक रणनीति में महत्वपूर्ण साझेदार मानता है, इस स्ट्राइक को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के रूप में देख सकता है। हाल ही में भारत को 31 प्रीडेटर ड्रोन की बिक्री इसका सबूत है। हालांकि, अमेरिका युद्ध से बचने के लिए दोनों देशों को संयम बरतने की सलाह देगा। यदि स्ट्राइक के परिणामस्वरूप परमाणु जोखिम बढ़ता है, तो अमेरिका संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से मध्यस्थता की कोशिश कर सकता है।

चीन, पाकिस्तान का निकटतम सहयोगी और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपैक) निवेशक है, इस स्ट्राइक की आलोचना करेगा। यह भारत-चीन संबंधों को और तनावपूर्ण बनाएगा। चीन पाकिस्तान को सैन्य और कूटनीतिक समर्थन दे सकता है।

रूस, जो भारत का पारंपरिक सैन्य साझेदार है, संभवतः तटस्थ रुख अपनाएगा। भारत को एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति और अन्य रक्षा सौदों के कारण रूस भारत का अप्रत्यक्ष समर्थन कर सकता है। हालांकि, रूस के लिए पाकिस्तान के साथ संबंध बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है, खासकर ऊर्जा और क्षेत्रीय प्रभाव के संदर्भ में। रूस दोनों देशों को बातचीत के लिए प्रोत्साहित करेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यह स्ट्राइक तीव्र बहस का विषय बनेगी। भारत इसे आत्मरक्षा और आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के रूप में पेश करेगा। पाकिस्तान, दूसरी ओर, इसे संप्रभुता का उल्लंघन बताकर भारत के खिलाफ प्रतिबंधों की मांग करेगा। स्थायी सदस्यों अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस के परस्पर विरोधी हितों के कारण कोई ठोस प्रस्ताव पारित होना मुश्किल होगा। इस्लामिक सहयोग संगठन ओआईसी में पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को उठाकर समर्थन जुटाने की कोशिश करेगा, लेकिन भारत की सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों के साथ मजबूत कूटनीति इसे कमजोर कर सकती है। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन सार्क इस स्ट्राइक के बाद और कमजोर होगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा और सार्क देशों के माध्यम से यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह स्ट्राइक क्षेत्रीय सहयोग को पूरी तरह ठप कर सकती है, क्योंकि बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल जैसे देश तटस्थ रहने की कोशिश करेंगे। अफगानिस्तान, जो पहले से ही अस्थिर है, इस तनाव से और प्रभावित हो सकता है, क्योंकि पाकिस्तान समर्थित तालिबान भारत के खिलाफ गतिविधियां बढ़ा सकता है।

पाकिस्तान की पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था पर इस स्ट्राइक का विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। भारत द्वारा आईएमएफ से पाकिस्तान को मिलने वाले 7 बिलियन डॉलर के ऋण की समीक्षा की मांग करने से स्थिति और बिगड़ सकती है। हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान को दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के लिए लंबे हवाई मार्ग अपनाने पड़ रहे हैं, जिससे उसकी एयरलाइंस को भारी नुकसान हो रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार और हवाई संपर्क बंद होने से वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित होंगी। इस स्ट्राइक से आतंकवादी समूहों की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इससे वैश्विक आतंकवाद विरोधी सहयोग पर दबाव बढ़ेगा, क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे देश भारत के साथ सहयोग को और मजबूत करेंगे। पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने हाल ही में भारत को परमाणु हमले की धमकी दी थी। यदि तनाव अनियंत्रित होता है, तो परमाणु हथियारों का खतरा बना रहेगा।

यह स्ट्राइक भारत की उभरती वैश्विक शक्ति की छवि को मज़बूत करेगी और आर्थिक रूप से, यह पाकिस्तान को गहरे संकट में धकेल सकता है। भारत को भी सीमित नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत को अपनी कार्रवाइयों को आत्मरक्षा के रूप में वैध ठहराने के लिए मजबूत कूटनीति की आवश्यकता होगी। ताकि वह वैश्विक समर्थन बनाए रख सके और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित कर सके।

**(साभार : लेखक राजनीति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, यह उनके विचार हैं)**

## आज का इतिहास

- 1502: दुनिया के सबसे बड़े खोजी यात्री और नई दुनिया के मान्य खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस ने एशिया का रास्ता तलाश करने के लिए स्पेन के कादिज से अपनी चौथी यात्रा शुरू की।
- 1653: विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत और दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ।
- 1689: अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।
- 1874: बंबई (अब मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई।
- 1946: डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुआई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह शुरू हुआ।
- 1947: विश्व बैंक ने अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए फ्रांस ने 50 करोड़ डालर का कर्ज मांगा था और 1944 में स्थापित विश्व बैंक ने उसे इससे आधा अर्थात 25 करोड़ डालर का कर्ज दिया।
- 1955: पश्चिम जर्मनी नाटो का सदस्य बना और फ्रांस स्थित नाटो मुख्यालय में जर्मनी का ध्वज फहराया गया।
- 1960: अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने पहली गर्भनिरोधक गोली को मंजूरी दी।
- 1975: पहली विद्युत टंकण मशीन बनाई गई।
- 1993: दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर के नाम्बिजा क्षेत्र में भूस्खलन से 300 लोगों की मौत।
- 2000: जाफना प्रायद्वीप के एलीफेंट दर्रे पर कब्जे के लिए लिट्टे के साथ हुए संघर्ष में श्रीलंका के 358 सैनिक मारे गए।
- 2002: कराची विस्फोट में पाकिस्तान के ही संगठन का हाथ होने के संकेत।
- 2004: चेचेन्या में एक विस्फोट में तत्कालीन राष्ट्रपति कादरोव मारे गए।
- 2005: रूस की जर्मनी की सेना पर विजय की 60वीं वर्षगांठ के जलसों में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने हिस्सा लिया।

# 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध और बच्चे

■ प्रलय श्रीवास्तर्व

मैं 7 साल की उम्र में 1970 में परिवार के साथ नरसिंहपुर से भोपाल आया था। जब भोपाल धीरे धीरे विकास की रफ्तार पकड़ रहा था। पिताजी स्व. श्री सत्य नारायण श्रीवास्तव यहां पूर्व से नूर महल रोड स्थित स्थानीय एक प्रमुख अखबार में संपादक थे ।मां हम बच्चों को लेकर भोपाल शिफ्ट आ गई थी नरसिंहपुर से । जहां हमारा दाखिला पहली कक्षा में विद्या विहार स्कूल प्रोफेसर कॉलोनी में हुआ था।

प्रोफेसर कॉलोनी में रहने के दौरान ही दिसंबर 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध छिड़ गया था । युद्ध की परिभाषा हम बच्चे नहीं जानते थे । बस इतना मालूम था कि ऊपर से हवाई जहाज निकलेगा और बम बरसयेगा। अखबारों को पढ़ने की भी ललक हममें नहीं होती थी। जब युद्ध शुरू हुआ तब बस आकाशवाणी और अखबार ही सहारा थे। चूंकि पिता पत्रकारिता में थे, देर रात घर लौटते थे। इसलिए अगली सुबह घर पर भी इन विषयों पर चर्चा होती थी। जब युद्ध अपने चरम पर था तब अंधेरा होते ही सायरन बजता और ब्लैक आउट होने लगता । सायरन बजते ही सारे घरों की बिजली लाइट बंद कर दी जाती थी। क्योंकि हम बच्चे थे हमें कुछ समझ में नहीं आता था तब खेल-खेल में हम कभी लाइट जला दिया करते थे। पुलिस गश्त करती थी । प्रोफेसर कॉलोनी जहां हम रहते थे, वह पत्रकारों , प्राध्यापकों की कॉलोनी थी। जहां पुलिस जब कभी राउंड लगाती थी। पुलिस की गश्त ने एक बार देखा कि हमारे घर ई- 134/1 पत्रकार सत्यनारायण श्रीवास्तव के घर के एक कमरे में लाइट जल रही है। वह हम लोगों से तो कुछ नहीं बोले लेकिन वायरलेस से थाने और वहां से प्रेस में पिताजी को खबर की जाती कि आपके घर में लसित जल रही हैं। चूंकि घर में फोन नहीं था, जब पिताजी देर रात लौटते तब डांटते कि थे तुम



लोग लाइट क्यों जलाते हो ,बंद रखा करो। डांट फटकार पड़ने के बाद हम लाइट बंद रखते । मुझे अभी भी याद है कि उस समय नूर महल रोड स्थित जिस अखबार में पिताजी काम किया करते थे, उसका लैंडलाइन फोन नंबर 2785 था । तब टेलीफोन भी चार अंको में हुआ करते थे। घर में राशन सामग्री जुटा ली जाती थी। स्कूल- कॉलेज की छुट्टी हो जाती थी तो हम बच्चे दिन भर घर में मस्ती करते थे । युद्ध के तनाव से बेपरवाह होकर पड़ोसी बच्चों के साथ खेला करते थे । शहर में शांति छाई रहती। घर के सामने रविंद्र भवन था, जहां के कार्यक्रम रद्द हो गए थे।

संचार तंत्र सीमित होने से छन छन के खबरें हम लोग तक आती थी। कभी आकाशवाणी से सुना करते थे कि ताजमहल को भी बोरों से ढक दिया गया है ,क्योंकि ताजमहल रात के उजाले में अधिक चमकता है और उसे पर हमला होने की संभावना थी। इसलिए ताजमहल को ढक दिया जाता था । ऐसा हम लोगों को अभी भी याद है। दिल्ली में विशेष सतर्कता बरती जाती। जैसे जैसे इस युद्ध में भारत ने अपनी ताकत दिखाई और जीत हासिल की, वैसे-वैसे भारत के सभी शहरों में देशभक्ति की मस्ती छा गई थी। हम लोग भी हर्ष ध्वनि से ÷भारत जिंदाबाद÷ के नारे लगाते हुए सड़कों पर आ गए थे। हम बच्चे थे, हमको बस इतना ही मालूम था कि हम जीत गए और हम लोगों ने बहुत जश्न मनाया। सड़कों पर खुशी मनाई । स्कूल खुलने पर भी काफी खुशी मनाई गईकि अपना भारत जीत गया । भारत के जितने के बाद रेलों से सैनिकों का लौटना शुरू हो गया था। मेरे पड़ोस में वरिष्ठ पत्रकार और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रिकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व महानिदेशक श्री राधेश्याम शर्मा (अब स्वर्गीय) रहते थे । उनकी धर्मपत्नी काफी सक्रिय और सच्ची देशभक्त थी । जब भारतीय सैनिक युद्ध से लौट रहे थे तब वे मुझे लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन सैनिकों के स्वागत के लिए गई थी। उनके हाथों में संतरों , सेव ,कैले से भरी टोकरी थी। शर्मा आती के साथ मैं दिनभर भोपाल के रेलवे स्टेशन पर रहा। जो भी ट्रेन, जिसमें सैनिक लौट रहे थे, हम लोगों ने उन्हें फल वितरित किए और सेल्यूट मारकर उनका अभिवादन किया। ट्रेन थोड़ी देर रूकती थी ,सैनिकों ने भी हाथ मिलाकर और मुझे पुचकार के उत्साह बढ़ाया और सहर्ष फल स्वीकार किये। काफी संख्या में भोपाल के स्वयंसेवी संगठन भी रेलवे स्टेशन पर तैनात थे। कोई सैनिकों को पानी पिला रहा था, कोई उन्हें मिठाई दे रहा था, कोई भोजन तो कोई फल दे रहा था। सभी लोग हार फूल से उनका स्वागत कर रहे थे।यह सिलसिला दिन भर पर चलता रहता था और हम सैनिकों के देशभक्ति से ओतप्रोत जज्बे को सलाम करते थे।

इसके बाद के दौर में अनेक देशभक्ति की फिल्में आई। मनोज कुमार ने पूरब और पश्चिम तो एक फिल्म बांग्लादेश पर बनी। जिसमें बंगलादेश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मुजीबुर्रहमान का रोल संभवतः आई. एस.जौहर ने निभाया था। जैसा मुझे याद है उस समय जो भी नई फिल्में आती थी, पत्रकारों के लिए उसका प्रीमियर शो होता था और हम लोगों को निमंत्रण पत्र प्राप्त हो जाते थे। उन फिल्मों का हम बच्चों ने भी पूरा लुफ्त उठाया था । इसके बाद शायद केंद्र या राज्य सरकार द्वारा भदभदा डिपो चौराहा स्थित पहाड़ी पर रात्रि में युद्ध पर आधारित शो हुआ करता था, जिसका शीर्षक था 'बढ़ते कदम'। भदभदा पहाड़ी पर लाइट का फोकस डाला जाता है और सैनिकों के साहस की गाथा को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया जाता। काफी संख्या में भोपाल के लोग उस नाट्य प्रस्तुति को देखने पहुंचते थे। संगीत और देशभक्ति की भावाभिव्यक्ति के साथ वह प्रस्तुति होती । लगभग तीन से चार घंटे की प्रस्तुति के बाद हम देशभक्ति की भावना से सराबोर होकर घर वापस लौटते । पाकिस्तान पर जीतङ्क के बाद भी काफी महीनो तक भारत में जश्न मनाया जाता रहा। जिसमें सभी वर्ग और समाज के लोग शामिल हुए थे। भारतीय सेना की मुक्त कंठ से तारीफ की जाती थी ।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**मीठे वचन चारों ओर सुख ही सुख फैलाते हैं। ऐसे वचन किसी को भी अपना बना लेते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि वह कठोर वचनों को छोड़कर मीठा बोलने का प्रयास करे। इससे आपकी चारों ओर प्रशंसा भी होगी।**

**- गोस्वामी तुलसीदास**

## निशाना

### रहे उसी पर ध्यान !



-कृष्णेन्द्र राय

जो मिला है काम ।  
रहे उसी पर ध्यान ।।  
इधर उधर भटकाने से ।  
है गिरता सम्मान ।।  
बन रहा समूह लगता ।  
भ्रम का मायाजाल ।।  
चेते ना अभी अगर ।  
होगा बुरा हाल ।।  
देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।  
कैसा पड़ा अकाल ।।  
हर तरफ से आप पर ।  
उठते हैं सवाल ।।  
साथ साथ इस जोश के ।  
होश को ठुकराया ।।  
गुणा भाग ना कर जाए ।  
पूरा ही सफाया ।।

# शहर में वेब सीरीज महारानी के सेट पर बच्चों ने समझा कैसे होती है शूटिंग

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

पिछले 10 दिन से शहर में महारानी वेब सीरीज की शूटिंग चल रही है। हर सीन के पहले डायरेक्टर रोल कैमरा एक्शन कहते है पर गुरुवार को शूटिंग के सेट पर अलग ही नजारा था डीपीओ अनुराग सोलंकी कैमरे पर और डायरेक्टर पुनीत प्रकाश मॉनिटर पर थे पर रोल कैमरा एक्शन की सामूहिक आवाज बच्चे लगा रहा थे। दरअसल मुस्कान संस्था की बच्चियों ने महारानी के सेट की विजिट कर शूटिंग की प्रक्रिया को समझा। डायरेक्टर पुनीत प्रकाश, डीओपी अनुराग सोलंकी के अलावा एक्टर विनीत कुमार, प्रमोद पाठक के साथ बच्चों ने चर्चा की और फोटो खिंचवाए।

इसके पूर्व बच्चियों से बेस पर प्रोड्यूसर नरेन कुमार,



डिम्पल खरबंदा, एसडीओपी पराग सैनी, आरआई स्नेहा सिंह चंदेल, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र कौरव, सदस्यगण श्याम मीना ,सारिका कटरे, अनीता जाट,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास ललित डेहरिया, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल आदि ने चर्चा की और साथ में सहभोज किया।

प्रोडक्शन टीम से मुस्कान और जैनब ने बच्चों को शूटिंग बेस और सेट पर भ्रमण कराकर सभी विभागों की जानकारी दी। बच्चों ने उत्सुकता के साथ वैनिटी वैन से लेकर सभी यूनिट की जानकारी ली।

बच्चों के सेट पर पहुंचने पर निर्माता द्वय नरेन कुमार, डिम्पल खरबंदा,कार्यकारी निर्माता शशि ठाकुर,लाइन प्रोड्यूसर श्रीजीत राजेंद्र सिंह ठाकुर, लोकेश तिवारी,संजय शर्मा सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों ने बच्चियों को ड्रेस गिफ्ट की इस अवसर पर मुस्कान संस्था की ऋतु राजपूत,एवं शिशुगृह नर्मदापुरम की अमिता तिलोटिया उपस्थित रही। मुसकान संस्था की एक बच्ची ने सभी के साथ मिलकर जन्मदिन का केक काटकर सेलिब्रेट किया।

## महिलाओं को स्वरोजगार में निवेश करने प्रोत्साहन केंद्र में मार्गदर्शन



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

जिला पंचायत परिसर स्थित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों और उद्यम स्थापना के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंधक रीना मर्सकोले ने उपस्थित महिलाओं से चर्चा की और बताया कि वे विंध्या वैली जैसे प्लेटफॉर्म से जुड़कर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाई दे सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने स्वयं के उद्योग स्थापित कर सकें। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के दुर्गेश ठाकुर भी उपस्थित रहे और मिशन से जुड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**



प्रत्येक वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को सर हेनरी ड्यूनेट क़े जन्मदिन के रूप मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ऑन दा साइड ऑफ़ ह्यूनिटी मानवता के पक्ष मे गतिविधियों की जाना है। इस अवसर पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम में सिविल सर्जन डॉ सुधीर विजयवर्गीय सचिव ने सर हेनरी ड्यूनेट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस वर्ष जारी थीम अनुसार 8 मई से 14 मई 25 तक रेडक्रॉस सप्ताह मनाया जावेगा जिसमे स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, रक्तदान शिविर, नशामुक्ति जागरूकता प्राथमिक उपचार शिविर आदि गतिविधियां की जायगी। कार्यक्रम में डॉ संजय पुरोहित, डॉ सतीश तिवारी ने सर हेनरी के जीवन पर प्रकाश डाला, शेर सिंह बड़कुर. अलका इंदौरकार रोशनी जिला रेड क्रॉस प्रबंध समिति सदस्य उदित द्विवेदी द्वारा जिले में की जा रही गतिविधियां ब्लड डोनेशन कैंप, टी बी मरीजों को पोषण आहार का वितरण आदि की जानकारी दी एवं अंत में सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदीप मिश्रा, राजेश आर्य, विनोद स्प्रे, रेखा कापसे, आशा माथोरिया सहित रेडक्रॉस के वालंटियर स्टॉफ़ उपस्थित रहा।

### त्यौहार एवं स्नान पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

# समस्त अधिकारी अपनी ड्यूटी पर पहुंचकर मुझे सूचित करें : कलेक्टर

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना के निर्देश अनुसार मई माह में आयोजित होने वाले स्नान पर्व एवं चल समारोह के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभाग स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई 2025 बुद्ध पूर्णिमा-स्नान दान व्रत पूर्णिमा, 27 मई 2025 स्नान दान अमावस्या एवं शनि जयंती तथा 29 मई 2025 महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर जिले के समस्त अनुविभाग स्तर पर कानून एवं शांति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अनुविभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी एवं सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अनुविभाग इटारसी अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी इटारसी श्री टी प्रतीक राव, अनुविभाग सुहागपुर अंतर्गत घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सोहागपुर श्री अनिल कुमार जैन, अनुविभाग पिपरिया अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव तथा अनुविभाग सिवनी मालवा अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सिवनी मालवा श्रीमती सरोज परिहार को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त समस्त अधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर नियत दिनांक एवं समय पर पहुंचकर दूरभाष पर अपनी उपस्थिति के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना को सूचित कर सौंपे गए कार्यों को संपादित करेंगे।



### पीएम किसान सम्मान योजना के तहत 31 मई तक पूर्ण करें ई-केवायसी : सुश्री सोनिया मीना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शेष कार्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ई-केवायसी, आधार-बैंक खाता लिंकिंग, लैंड लिंकिंग, सेल्फ रजिस्ट्रेशन निराकरण और फार्मर आईडी से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण अभियान मोड में 31 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें जिससे जून 2025 के प्रथम सप्ताह में सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ समय पर प्रदान किया जा सकेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य करते हुए किसानों से संपर्क करें और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करें, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रह जाए.

### 30 मई तक आयोजित किये जायेंगे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले में वर्ष 2025-2026 में 1 से 30 मई तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविरों का आयोजन जिले के समस्त ब्लॉकों में विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम उमा पटेल द्वारा बताया गया कि विकास खंड नर्मदापुरम अंतर्गत हॉकी एवं कबड्डी खेल का प्रशिक्षण हॉकी टर्फ मैदान महिला जेल की पीछे नर्मदापुरम में दिया जाएगा। इसी प्रकार हैण्डबॉल के लिए सेमीरिर्टन्स हा.से. स्कूल नर्मदापुरम, व्हालीबॉल एवं बास्केटबॉल के लिए शा0 कन्या उ.मा. वि. नर्मदापुरम, तैराकी- बैडमिंटन- रोलर स्केटिंग के लिए डॉलफिन अकादमी पं. रामलाल शर्मा सी.से. बुधवाडा नर्मदापुरम, रोलर स्केटिंग-टेबल टेनिस- कराते के लिए शा.नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम, फुटबॉल के लिए शा. एस.एन.जी. उमावि नर्मदापुरम, एस.पी.एम. नर्मदापुरम, पुलिस लाईन नर्मदापुरम, 12 बंगला रेल्वे इंस्टीट्यूट इटारसी, विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल इटारसी, शतरंज के लिए एस.एन.जी नर्मदापुरम, टेनिस/सॉफ्ट टेनिस के लिए ऑफिसर कल्ब वृद्धजन पार्क नर्मदापुरम, तीरंदाजी के लिए शा.कन्या उमावि पुरानी इटारसी, एथलेटिक्स के लिए विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल इटारसी, हॉकी के लिए गांधी स्टेडियम इटारसी, शा. कन्या उमावि पुरानी इटारसी, व्हालीबॉल- शा. उमावि मेहरागांव, शा. उमावि निमसाड़िया, शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल रायपुर, कबड्डी- शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल रायपुर, योगा, सॉफ्टबॉल, हैंडबॉल के लिए शा. बालक उमावि सी.एम. राइज इटारसी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। विकासखंड पिपरिया अंतर्गत सॉफ्टबॉल, हैण्डबॉल, ताइक्कांडो के लिए शास कन्या उमावि पिपरिया, फुटबॉल के लिए सी.एम राइज शास.आर एन.ए.उमावि पिपरिया, टेबल-टेनिस के लिए शास. क. उमावि पचमढी। विकासखंड सिवनी मालवा अंतर्गत कबड्डी/फुटबॉल के लिए आईटीआई ग्राउण्ड सिवनी मालवा, कराते के लिए नगर पालिका हार्ट जयस्तम्भ सि.मा., कबड्डी के लिए मण्डी ग्राउंड सिवनी मालवा। विकासखंड माखननगर अंतर्गत व्हालीबॉल एवं रोप स्किपिंग के लिए शा. उत्कृष्ट सी.एम. राइज उमावि माखननगर। विकासखंड सोहागपुर अंतर्गत व्हालीबॉल, बैडमिंटन, हॉकी के लिए जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर, एथलेटिक्स के लिए महाविद्यालय मैदान सोहागपुर,फुटबॉल के लिए शा.पीएम श्री उत्कृष्ट हाई स्कूल कामतीरंगपुर। विकासखंड बनखेडी अंतर्गत खो-खो/एथलेटिक्स के लिए शा. कन्या उ.मा. विद्यालय स्कूल बनखेडी, शतरंज के लिए संत रावतपुरा सरकार स्कूल बनखेडी। विकासखंड केसला अंतर्गत व्हालीबॉल के लिए शा. उमावि पथरोटा, कबड्डी- एथलेटिक्स के लिए शा. उमावि जमानी, हॉकी के लिए खेल परिसर ऑर्डिनेंस फेक्ट्री में ग्रीष्मकालीन खेल शिविरों के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## एस.डी.आर.एफ. टीम द्वारा 600 बालिका कैडेट्स को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर नर्मदापुरम में आयोजित 5 एम.पी. गर्ल्स बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत आज 600 बालिका एन.सी.सी. कैडेट्स को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की सहायता करने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण एस.डी.आर.एफ. (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम द्वारा प्रदान किया गया। प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित एवं उनकी टीम ने बालिका कैडेट्स को यह बताया कि आपदा या अन्य विपरीत परिस्थितियों में एन.सी.सी. कैडेट्स किस प्रकार जनता की मदद कर सकते हैं।



कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कनौजिया ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने में सक्षम बनाएगा और उनकी नेतृत्व क्षमता को सशक्त करेगा। इस अवसर पर सहायक जिला मजिस्ट्रेट डी.के. सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, जिला कमांडेंट राजेश जैन, विद्यालय के प्राचार्य एवं आर्मी स्टाफ उपस्थित रहे।

## वॉटर वर्क्स पर लगेंगे 4 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे

**गंजबासौदा , दोपहर मेट्रो**

वाटर वर्क्स पर सुरक्षा की दृष्टि को मद्देनजर रखते हुए वहां चार अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए गुरुवार को नपाध्यक्ष शशि यादव ने वाटर वर्क्स का जायजा लिया और जलप्रदाय शाखा के प्रभारी सुनील यादव निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पार्षद नारायण सोनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। नगर में दोनों समय उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवम सभी संसाधनों की मौजूदगी और कर्मचारियों की जवाबदेई तय करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती यादव इन दिनों निर्माण कार्य एवं नागरिकों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की उपलब्धि के लिए सतत निरीक्षण कर रही हैं। गुरुवार को उन्होंने



नौलखी मंदिर स्थित वाटर वर्क्स और बेतवा के जल स्तर का बारीकी से अध्ययन किया।

इसी तरह नपा अध्यक्ष श्रीमती यादव ने नगर में मौजूद पानी की टंकियों की सुरक्षा के लिए सुबह शाम कर्मचारियों की तैनाती को जांचने की बात भी उपस्थित नपा के अधिकारी कर्मचारियों से कहीं। इस मौके पर उन्होंने पानी में मिलने वाली फिटकरी और ब्लीचिंग की मात्रा और गुणवत्ता को भी बारीकी से देखा। उन्होंने बेतवा के जल स्तर को देखकर प्रसन्नता भी जाहिर की। नपाध्यक्ष शशि यादव का कहना है कि वाटर वर्क्स पर चार अतिरिक्त कैमरे लगाए जा रहे हैं ताकि पूरे परिसर की सतत मॉनिटरिंग और निगरानी की जा सके। इसी तरह पानी की टंकी पर 24 घंटे कर्मचारी की तैनाती भी की जा रही है। पुलिस को भी पत्र भेजकर रात के समय गस्ती के दौरान पानी की टंकियों की सुरक्षा बनी रहे।

**मेट्रो एंकर** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के पीएमश्री विद्यालय में सम्मान समारोह

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स हुए पुरस्कृत

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

पी.एमश्री शहीद इंदर गिरि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामपुर में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर उन विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहा गया जिन्होंने संसाधनों की कमी और अभावों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सरकारी स्कूल होने के बावजूद विद्यालय का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत का प्रमाण है।

**12वीं के टॉपर्स**

**कला संकाय में** : 1.वैशाली साहू - 90% (जिला प्रवीण्य सूची में स्थान) 2.भावना केवट - 85% 3.अनुष्का गोस्वामी - 84%

**विज्ञान संकाय में** :1.अनादि - 80% 2.श्वेता चौहान -79% 3. सुहानी पाल - 78% 3. समीक्षा - 77%

**कक्षा 10वीं के टॉपर्स**

1.तिरुपति पाल - 96% 2. लोमांती विश्वकर्मा - 91% 3.वैशाली यादव - 88% 4. प्रशांत यादव - 87%

समारोह में मुख्य अतिथि आशुतोष शरण तिवारी, प्राचार्य श्रीमती पिंकी अरोरा, डॉ. गणेश



पटेल, कुंदन साहू, अरुण दुबे, हेमंत सोनी, श्रीमती सरिता गुर्जभोज, राकेश गुप्ता और शैलेंद्र पटवा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा प्राचार्य ने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा हमारे विद्यार्थियों ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से किसी भी परिस्थिति में सफलता हासिल की जा सकती है।

## साक्षी ने 12वीं में 94% अंक लाकर कर नाम रोशन किया, नागरिक सेवा समिति ने किया सम्मानित

**गंजबासौदा।** नवांकुर विद्यापीठ की छात्रा साक्षी कुशवाह पुत्री श्री देवीलाल कुशवाह ने कक्षा 12 जीव विज्ञान संकाय में 94त्न अंक अर्जित कर विद्यालय शहर एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर नागरिक सेवा समिति कार्यालय पर डॉल्फिन स्कूल के प्राचार्य संदीप जेटली एवं नवांकुर स्कूल से हायर सेकेंडरी विभाग के प्रभारी संदीप रावत ने कार्यालय पर पहुंचकर तथा नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, सचिव सुरेश तनवानी, पूर्व शिक्षक राधेश्याम साहू, पूर्व शिक्षक



संतोष शर्मा ,समाजसेवी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी , लाल बहादुर ताम्रकार,विनीत अरोरा, नीतू श्रीवास्तव,कैलाश साध्य, देवी लाल कुशवाह तथा युवा पत्रकार नीतेश नायक ने एवं समिति के सदस्यों ने साक्षी कुशवाह को फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही निरंतर ऊंचाई की ओर अग्रसर रहने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि साक्षी के पिता देवीलाल कुशवाह विगत कई वर्षों से नागरिक सेवा समिति के भोजनालय पर अपनी अद्वितीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। साक्षी कुशवाह ने बताया कि मेरी इस उपलब्धि में मेरे माता-पिता का बहुत योगदान है। उनका उत्साह मुझे जोश व उमंग से भर देता है। मैं अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देती हूं।

# तरवरिया डैम से हटेगा अतिक्रमण, विधायक ने एसडीएम साथ लिया जायजा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

केथन नदी के उद्गम स्थल ग्राम तरवरिया के प्राचीन तालाब को अतिक्रमण मुक्त करवाने गहरीकरण तथा तलाब में भरने वाले पानी के बहाव छरछारा का केथन नदी की ओर करवाने की योजना बनाने को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने गुरुवार को एसडीएम हर्षल चौधरी के साथ तरवारिया एवं बामोरी,इमामनगर का दौरा किया।

## बदलेगी केथन नदी की सूरत, डैम में बढ़ेगा पानी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी के माध्यम से इन तालाबों का प्राचीन स्वरूप लौटने की कल्पना करते हुए विधायक शर्मा ने स्थानीय ग्रामीणों से भी इन तालाबों के बारे में पूछताछ की। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने तरवारिया के तालाब में पानी



भरने के उपरांत होने वाले मछली पालन पर प्रतिबंध लगवाए जाने पर जोर दिया। तरवारिया का डेम 21 हेक्टर में इस तालाब के गहरीकरण की विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश विधायक शर्मा ने दिए ओर कहा कि यह स्थान केथन नदी का उद्गम स्थल है।

इन तालाब में जब कमल के फूल का उत्पादन होता है तब यहां का प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता है इसके अलावा यहां सिंगाड़े सहित रेत में होने वाली खेती भी होती है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इन तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर उनकी विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर विधायक शर्मा ने तरवारिया में तालाब किनारे स्थित मंदिर के पास घाट बनाने की बात भी कही। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता संतोष चौरे,पूर्व जनपद अध्यक्ष हमीर सिंह यादव, ,तहसीलदार संजय चौरसिया,फूलसिंह दांगी आदि मौजूद थे।

## जिले भर चोरी के लिए प्रसिद्ध है कृषि उपज मंडी

# अनाज चोरी मामले में 4 हम्मालों पर मंडी सचिव ने दर्ज करवाया प्रकरण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कृषि उपज मंडी में किसान की उपज पर बुरी नजर डालने वाले हम्मलो के खिलाफ पुलिस ने मंडी सचिव की शिकायत पर 89 किलो चना चोरी करने चोरी की धराओं में मामला दर्ज किया है ।पुलिस ने मंडी सचिव लक्ष्मी नारायण भिलाला की शिकायत पर हम्मल लतीफ़,ओसफ, लच्छू और मुवीन पर धारा 303 (2)3(5) बी एन एस की धारा में फसल चोरी करने पर प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद क्षेत्र के किसान का 89 किलो चना चोरी करने पर चारों के विरुद्ध मंडी लंबे समय के बात इस तरह कार्रवाई करवाने के लिए आगे आया पुलिस ने भी अपनी भूमिका किसानों के पक्ष में अच्छे से निभाई उसी का परिणाम है कि चोरी करने वालों हवालात पहुंच सकते हैं। इस कार्रवाई के बाद चोरी के मामलों पहले शामिल हो चुके कई हम्मलो तथा मुकदमों में भी डर का माहौल भी देखने को मिल रहा है नहीं तो पहले इनके खिलाफ फसल चोरी के मामले दर्ज नहीं होते थे उसके चलते कई बार है किसानों पर हावी हो जाते



थे। वहीं शिकायत होने पर खाना पूर्ति मंडी प्रशासन और पुलिस भी कर देती थी इस वजह किसानो की फसल पर डंडी मनने वाले के हौसले बुलंद हो रहे हैं इन्हें किसी का कोई डर नहीं है। इस तरह की कार्रवाई से इनके हौसले भी पस्त होंगे। किसानों की फसल पर मंडी मैं बुरी नियत डलने बालों इस तरह की हरकत नहीं करेंगे इससे पहले भी कई मामले आए थाने तक पहुंचे मारपीट की नौबत भी आ चुकी है उसमें भी प्रकरण पुलिस कायम नहीं कर पाई थी मंडी प्रशासन भी कार्रवाई के नाम खाना पूर्ति कर देता था इस तरह की करवाई करवाने के लिए मंडी प्रशासन खड़ा हुआ इसके पीछे किसान के साथ अन्य किसानों भी खड़े हुए थे उसी का परिणाम सामने आ रहा है। ऐसे मामले सामने पर मंडी प्रशासन तत्काल कार्रवाई कर रहा होता तो आज मंडी के हालात कुछ और ही होते आवक में वृद्धि होती जिसके बदले में मंडी टैक्स भी अधिक प्राप्त होता ए ग्रेड की मंडी आज कहां पहुंच गई है इसके सोच समझकर प्रशासन काम नहीं कर रहा है अभी यहां पर किसान अपनी फसल बेचने के लिए लेकर आते हैं इन साथ कई लोग आते हैं इसके बाद भी उनकी फसल को तोले के दौरान चोरी कर लिया जाता है। बड़े किसानों की उपज की तुलाई धर्म कांटे पर हो रही है छोटे किसानों की तुलाई ही छोटे कांटा पर हो रही है जहां पर उनके साथ इस तरह की हरकतें मंडी में हो रही है। इसके पीछे मंडी प्रशासन का ढीला रावैया भी सामने आ रहा है स्टाफ ऑफिस में बैठकर कुर्सियां तोड़ रहा है फील्ड में जाता ही नहीं है इस वजह से चोरी हो रही है।

### चोरी करने वाले हम्मलो को किया सस्पेंड

मंडी में फसल चोरी करने वाले हम्मलो के विरुद्ध मंडी प्रशासन ने अपनी तरफ से कार्रवाई करते हुए इनको मंडी से बाहर कर दिया है। इसके अलावा आगे की करवाई मंडी प्रशासन के द्वारा की जा रही है। इससे पहले भी मंडी में चोरी के मामले सामने आए इनमें आगे कार्रवाई न करते हुए इनको मंडी से ही रफा-दफा करवा दिया जाता था इस मामले में भी इसी तरह का प्रयास किया गया पर सफल नहीं हुए करवानेवाले। किसान ने अपनी शिकायत वापस नहीं ली इसके बाद मंडी सचिव को मजबूरी में किसानों के दबा के बाद चोरी करने वाले हम्मलो पर चोरी का मामला दर्ज करवाया है।


**इनका कहना है**

मंडी सचिव की शिकायत पर चार हम्मलों के ऊपर अनाज चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

-पंकज गीते
थाना प्रभारी

## पूर्व संकुल प्राचार्य द्वारा किए गए घोटाले की जांच के लिए दिया आवेदन

**सिरोंज।** संकुल केंद्र कस्बाताल में 3 माह पूर्व हुए फर्जी हस्ताक्षर से 72 हजार एवं शाला के स्थानीय मद से 1 लाख 27 हजार रूपये के फर्जीवाड़े



में कुल म 1.99 हजार रूपये के गवन करने पर अभी तक कार्रवाई नहीं हो जिसको लेकर पूर्व संकुल प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन दिया गया है। जिसमें इन आरोप है कि शासकीय राशि निकाल कर फर्जी बिल बाऊचर लगाकर घोटाला को अंजाम दिया गया। कस्बाताल के जागरूक नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी को लिखित में आवेदन दिया है इसमें राशि से क्रय की गई सामग्री एवं किए गए निर्माण संबधी कार्य का भौतिक सत्यापन करने की मांग की तथा शासन द्वारा स्कूलों के कायाकल्प हेतु दी जाने वाली राशि का उपयोग कहा हुआ है ।विगत 2 वर्षों से तो शाला भवन में पुताई तक का कार्य नहीं कराया गया है और न ही कोई निर्माण संबधी कार्य हुए है तो फिर एक वर्ष में 1 लाख 99 हजार खर्च कर दिए गए ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले कि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो फर्जीवाड़ा सबके सामने आ जाएगा किस तरह सरकारी या राशि का दुरुपयोग किया गया है। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पास्को एक्ट के तहत सहायक व्यक्ति की नियुक्ति हेतु आवेदन 30 तक आमंत्रित

**सिरोंज।** विदिशा लैगिंक अपराधो से बालको का संरक्षण (पास्को) अधिनियम की धारा के अंतर्गत सहायक व्यक्ति की नियुक्ति हेतु आवेदन 30 मई तक आमंत्रित किए गए है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चो को उनके मददगार बनकर बयान दर्ज करवाने से लेकर पैरवी में मदद करने, परामर्श उपलब्ध करवाने एवं सरकारी योजनाओं के तहत सहायता दिलवाने में मदद करने के लिए लैंगिक अपराधो से बालको को संरक्षण अधिनियम की धाराओं के प्रावधानो के तहत विदिशा जिले में सहायक व्यक्ति सपोर्ट पर्सन का इन्पैनलमेंट किया जाना है। इसके लिए आवेदन 30 मई तक आमंत्रित किए गए है। सपोर्ट व्यक्ति के लिए निर्धारित पात्रताओं के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि सामाजिक कार्य, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त व्यक्ति अथवा बाल शिक्षा और विकास या सुरक्षा मुद्दों में न्यूनतम 03 वर्ष के अनुभव के साथ स्नातक । जिलों में सहायक व्यक्ति के रूप में कार्य करने के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव रखने वाला कोई भी अशासकीय व्यक्ति अथवा बाल अधिकारों या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय संगठन अथवा बच्चों के संरक्षण के लिए जिम्मेदार बालग्रह या आश्रयग्रह से जुडा कोई भी अधिकारी सहायक व्यक्ति के रूप में आवेदन करने के लिए पात्र होगा । जिलों में सहायक व्यक्ति के रूप में कार्य करने के लिए इच्छुक व्यक्ति संगठन को प्रति प्रकरण प्रति दिन के मान से 500 रूपए का मानदेय दिया जाएगा।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना

**सिरोंज।** विदिशा पशुपालक, किसान भाई से पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा अहवान किया गया है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का लाभ उठा कर अपनी आमदनी में इजाफा करें और स्वयं का स्व-रोजगार स्थापित कर अन्य के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में संबल हो पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उपसंचालक डॉ एन के शुक्ला ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना अंतर्गत आवेदन कर्ता के पास 3.50 एकड़ कृषि भूमि होनी चाहिए। वर्तमान में दुग्ध संघों में पहले से ही दूध सप्लाई कर रहे पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। दुग्ध संघ प्रोड्युसर कंपनी के प्रचलित मिल्क रूट या नए मिल्क रूट पर आने वाले हितग्राहियों को प्राथमिकता मिलेगी। 25 दुधारू पशुओं की एक इकाई स्थापित की जाएगी। एक इकाई में सारे गौवंश या भैंसवंश शामिल होंगे। एक इकाई की अधिकतम सीमा राशि 42 लाख रुपये होगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित पात्रता तदनुसार हितग्राही मध्यप्रदेश का मूल निवासी और उम्र 21 साल से अधिक हो।आवेदक के पास शासकीय या नामित संस्था से डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण होना अनिवार्य रहेगा। एक हितग्राही को 1 या 1 से अधिक (अधिकतम 8 इकाइयां, 200 दुधारू पशु) लेने की पात्रता होगी। एक ऋण व दूसरे ऋण के बीच में कम से कम 2 वर्ष का अंतर होना अनिवार्य रहेगा।

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज में एक एवं थाना गंजबासौदा देहात में दर्ज दो प्रकरणो के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालो के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 185/2023 के फरार आरोपियों सुनील पुत्र तुलाराम जोशी निवासी सिवनी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 6 ललितपुर उत्तरप्रदेश एवं रामसहाय पुत्र घमंडी लाल जोशी निवासी पंजाब मोहल्ला बसई जिला दतिया की सूचना देने वालो के लिए ढाई-ढाई हजार रूपए प्रत्येक पर एवं थाना गंजबासौदा देहात में दर्ज दो प्रकरणो में अपराध क्रमांक 06/2023 के फरार आरोपी विनोद पुत्र फूलचंद जैन निवासी चार खंभा वाली गली वार्ड क्रमांक 07 बरेठ रोड बासौदा थाना गंजबासौदा शहर की सूचना देने वालो के लिए पांच हजार रूपए एवं अपराध क्रमांक 321/2021के फरार आरोपी सचिन पुत्र सन्नालाल पारदी निवासी ग्राम खजूरिया चक्क थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर की सूचना अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालो के लिए तीन हजार रूपए इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल विदिशा में मासिक निरीक्षण एवं शिविर का आयोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशन में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री नीतेंद्रसिंह तोमर, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड श्रीमति शिवांगी श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री साकेत जैन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरजीतसिंह सिकरवार, अनिमेष तिवारी, विनोद कुशवाह द्वारा आज गुरूवार को जिला जेल विदिशा में मासिक निरीक्षण एवं शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा के सचिव श्री नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा जिला जेल विदिशा के बंदियो से चर्चा कर उनकी परेशानियां सुनीं और उनका निपटारा किया गया।

प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड श्रीमति शिवांगी श्रीवास्तव द्वारा निरीक्षण किया गया कि, कोई बंदी ऐसा तो नहीं है जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो।

## कलेक्टर गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बीएलबीसी बैठक संपन्न

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विकास खंड मुख्यालयों पर बीएलबीसी बैठकों का आयोजन जारी है। जिला अग्रणी बैंक कार्यालय के माध्यम से आयोजित बैठक में शासकीय योजनाओं के वित्तीय सहायता मे होने वाली दिक्कतों का समाधान मौके पर किया जाता है।

लटेरी विकास खंड में गुरुवार को आयोजित बीएलबीसी की बैठक में जनपद अध्यक्ष एवं स्थानीय एसडीएम के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। लीड बैंक आफीसर भगवान सिंह बघेल ने बीएलबीसी बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया है कि समस्त शासकीय हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई समस्त बैंक शाखाओं को निर्देशित किया गया बैंकिंग सुविधाओ,बैंक एवं शासन की ऋण योजनाओं, पीएमएस-बीबाई, पीएमजेजेबीबाई, एपीबाई, मुद्रा लोन तथा पीएम जनधन खाता योजना आदि की विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही सभी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजान एवं अटल पेंशन योजना के अधिकाधिक पंजीयन हेतु महिला बाल विकास के बासौदा के अधिकारी को कैम्प शेड्यूल बनाने एवं बैकों से कियोस्क ऑपरेटर को कैम्प मे जोडने निर्देशित किया है।



### पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 2303 को मिला प्रशिक्षण, 666 को ऋण उपलब्ध कराया

विदिशा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना संचालित है। इस योजना में लोहार, सोनार , कुम्हार, नाई, मालाकार, मोची, मूर्तिकार, धोबी, ताला बनाने वाले, हथोड़ा और टूल किट बनाने वाले, डलिया, चटाई, झाडू बनाने वाले आदि 18 विधा के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिल रही है। पहले चरण में 100000 तक एवं दूसरे चरण में 200000 तक की ऋण सहायता महज 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध होगी। इस योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण टूलकिट लाभ एवं मार्केटिंग सपोर्ट का भी लाभ मिलेगा। विदिशा जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत अब तक 2303 नागरिकों को प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त हुई है। जिसमें से 666 को पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ऋण प्राप्त हुआ है।

**मेट्रो एंकर** प्रबंध संचालक आईएएस आलोक कुमार सिंह ने जायजा लिया

# चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी और भुगतान में विदिशा प्रदेश में अव्वल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक आईएएस आलोक कुमार सिंह ने आज विदिशा जिले के प्रवास दौरान जिला उपार्जन कमेटी के सदस्यों के साथ चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति सांकलखेड़ा गिरधर वेयरहाउस एवं देवखजूरी गिरिराज वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा एवं किसानों के भुगतान की समीक्षा की है।

रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु विदिशा जिले में चना, मसूर एवं सरसों के 72 उपार्जन केन्द्र संचालित किये गये हैं। इन उपार्जन केन्द्रों में कुल 19893 किसानों से 49336 मैट्रिक. टन की खरीदी की गई है।जिसमें 2640 किसानों से चना 7670 मैटिक टन मसूर 16699 किसानों से 40168



मैटिक.टन एवं 554किसानों से सरसों 1498 मैट्रिक टन खरीदी की गई। कलेक्टर के मार्गदर्शन में क्रियान्वित उपार्जन कार्यो की जानकारी देते हुए जिला विपणन अधिकारी श्री कल्याण सिंह ने बताया कि समर्थन मूल्य पूरे प्रदेश में दलहनी फसलों की खरीदी कार्य में विदिशा जिला प्रथम स्थान पर है। जिले में चना, मसूर एवं सरसों के लिए कुल पंजीयन 50516 के विरूद्ध 19893 किसानों ने दलहन शासकीय खरीदी केन्द्रों में विक्रय किया गया है। जो कुल पंजीयन से विक्रय का 40 प्रतिशत है। दलहन उपार्जन का कार्य आगामी 31 मई 2025 तक किया जायेगा जिसमें 21 मई तक किसानों के स्लॉट बुक किए जा सकेंगे। जिला विपणन अधिकारी कल्याण सिंह ने बताया कि कुल उपार्जित मात्रा की भुगतान योग्य राशि 321.38 करोड़ के विरूद्ध 17197 किसानों को 294.32 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। जो कुल भुगतान का गया 92 प्रतिशत है तथा बैंक प्रक्रिया में 43.5 करोड़ की राशि (1322 किसान ) है एवं 251.27 करोड़ (15875 किसान ) का भुगतान किसानों के खाते में हो चुका है वहीं भुगतान की प्रक्रिया तहत 92.42 प्रतिशत भुगतान कर विदिशा जिला प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

## गुपचुप 10 बड़े रिकॉर्ड बना गए रोहित शर्मा

# टेस्ट डेब्यू पर लगातार दो शतक से लेकर सबसे ज्यादा छक्के तक



**नई दिल्ली, एजेंसी**

रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिये दुनिया को अचानक से इस फैसले की जानकारी दी। उनका यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने टेस्ट से संन्यास की अटकलों का खंडन किया था। इसके बाद उनकी कप्तानी में टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती। ऐसा लग रहा था कि सबकुछ सामान्य चल रहा है, तभी रोहित ने टेस्ट से संन्यास का बम फोड़ा। न तो उन्होंने किसी फेयरवेल मैच की डिमांड रखी और न ही कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान किया। भारत को पिछले छह महीने में दो बड़े क्रिकेटर्स के संन्यास से बड़ा झटका लगा।

रोहित से पहले रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास लिया था। हालांकि, इससे तो यह तय है कि अगले महीने इंग्लैंड दौरे से टीम एक नए कप्तान के अंदर खेलेगी और बदलाव के दौर से गुजरेगी। रोहित को 2022 में टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई थी। रोहित ने बतौर कप्तान, एक खिलाड़ी के तौर पर और बतौर ओपनर इस प्रारूप में कई रिकॉर्ड्स भी बनाए। टेस्ट डेब्यू पर उन्होंने शतक भी लगाया था। साथ ही उनके नाम टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा दूसरा सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड भी है। आइए उनके कुछ ऐसे बड़े और अनसुने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं...

1. रोहित शर्मा ने टेस्ट में 12 शतक लगाए और इन शतकों की खास बात यह है कि इन सभी टेस्ट में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की। रोहित के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी के जीत में दस या इससे ज्यादा शतक नहीं हैं। इस मामले में वार्विक आर्मस्ट्रांग (6) और डेरेन लेहमैन (5) का नंबर रोहित के बाद आता है।

2. बतौर ओपनर रोहित ने टेस्ट में नौ शतक लगाए। उन्हें अक्तूबर 2019 में भारत का टेस्ट ओपनर बनाया गया था। तब से किसी अन्य सलामी बल्लेबाज ने इतने शतक नहीं बनाए हैं।

3. रोहित ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के पहले तीन चक्रों (2019–21, 2021–23 और 2023–25) को मिलाकर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (2716) बनाए। उनके नौ शतक भी भारत के लिए सबसे ज्यादा हैं। इस लिस्ट में अगले सर्वश्रेष्ठ विराट कोहली और शुभमन गिल के पांच-पांच शतक हैं।

4. 2019–20 टेस्ट सत्र की शुरुआत से 2023–24 तक, टेस्ट में रोहित का औसत 50.03 का रहा। इस अवधि में कम से कम 25 पारियां खेलने वालों में दुनिया के केवल आठ अन्य बल्लेबाजों का औसत 50 या उससे अधिक का रहा।

5. बतौर टेस्ट ओपनर रोहित का 50 के स्कोर को 100 में बदलने की दर 52.94 रही। उन्होंने इस रोल में अपने 16 50+ के स्कोर में से नौ को शतक में परिवर्तित किया। बतौर ओपनर कम से कम दस 50+ का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों में केवल शिखर धवन और डेनिस एमिस का रोहित से बेहतर परिवर्तन दर है।

6. रोहित ने घर पर टेस्ट में 10 शतक बनाए। ये सभी भारत की घर पर लगातार 18 टेस्ट सीरीज जीत की स्ट्रीक के दौरान आए। इस दौरान रोहित से ज्यादा शतक सिर्फ कोहली (12 शतक) के नाम थे।

7. रोहित ने कुल 67 टेस्ट खेले और 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए। इसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। 212 रन उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। रोहित के करियर टेस्ट रनों में से 69.4 प्रतिशत रन जीत में आए।

8. साल 2019 में विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में रोहित ने 13 छक्के लगाए थे। यह एक टेस्ट में किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक है। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में 88 छक्के लगाए।

9. रोहित समेत सिर्फ पांच बल्लेबाजों ने ही अपने टेस्ट करियर की पहली दो पारियों में शतक लगाए हैं। हिटमैन ने साल 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से टेस्ट डेब्यू किया था। तब वह लोअर ऑर्डर में बल्लेबाजी करते थे। उन्होंने ईडन गार्डेंस के मैदान पर टेस्ट डेब्यू पर 177 रन बनाए थे।

10. फरवरी 2021 से जुलाई 2023 के बीच रोहित ने लगातार 30 पारियों में दहाई का आंकड़ा पार किया। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा दहाई का आंकड़ा पार करने की सबसे लंबी स्ट्रीक है। यानी रोहित के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज नहीं है, जिसने अपनी लगातार 30 पारियों में दहाई का आंकड़ा छुआ हो। रोहित ने उन 30 पारियों में 50.04 की औसत से 1401 रन बनाए। उन्होंने उस दौरान 2645 गेंदों का सामना किया।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन (भारतीय)

| खिलाड़ी | मैच | रन | सर्वोच्च स्कोर | औसत | शतक | अर्धशतक | छक्के |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 40 | 2716 | 212 | 41.15 | 9 | 8 | 56 |
| विराट कोहली | 46 | 2617 | 254* | 35.36 | 5 | 11 | 11 |
| ऋषभ पंत | 34 | 2252 | 146 | 40.21 | 4 | 13 | 56 |
| शुभमन गिल | 32 | 1893 | 128 | 35.05 | 5 | 731 | |
| रवींद्र जडेजा | 39 | 1885 | 175* | 36.96 | 3 | 12 | 29 |
| यशस्वी | 19 | 1798 | 214* | 52.88 | 4 | 10 | 39 |
| चेतेश्वर पुजारा | 35 | 1769 | 102* | 29.98 | 1 | 15 | 5 |

## भारत के जवाबी प्रहार से थर्राया पाकिस्तान,

# पीसीएल दुबई में शिफ्ट, कराची किंग्स-पेशावर जाल्मी मैच टला

**नई दिल्ली /दुबई/रावलपिंडी, एजेंसी**

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर क्रिकेट के फील्ड में भी साफ दिखने लगा है. पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) अब अपनी सरजमी छोड़ दुबई पहुंच गई है. हालात इतने गंभीर हैं कि पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच गुरुवार (9 मई) को होने वाला मुकाबला फिलहाल टाल दिया गया है. कराची और पेशावर का यह मैच रावलपिंडी, में होना था. जहां कल ही भारत की ओर से ड्रोन हमला हुआ था. इस वजह से स्टेडियम को काफी नुकसान पहुंचा था. अब लीग के बाकी बचे मैच दुबई में खेले जाएंगे.

जानकारी यह भी है कि विदेशी खिलाड़ी पहले ही पाकिस्तान से यूएई के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां लीग के बाकी मैच खेले जाएंगे. अगला मैच खेले जाने में कई दिन लग सकते हैं, क्योंकि पीसीबी यह तय कर रहा है कि मैच किन वेन्यू पर खेले जाएंगे. पहले के शेड्यूल के अनुसार शेष बचे चार मैच रावलपिंडी में, एक मुल्तान में और अंतिम तीन मैच लाहौर में खेले जाने थे. इससे पूर्व 8 मई को यह अपडेट आया था कि पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच कराची में शिफ्ट कर दिए गए हैं. बुधवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की एक इमरजेंसी बैठक के दौरान इस निर्णय को अंतिम रूप दिया गया था. इसमें पीएसएल में शामिल टीमों के मालिकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था.



### पहले भी शिफ्ट हो चुका है पीसीएल

पीसीएलजो अब अपने 10वें सीजन में है। इसकी शुरुआत 2016 में दुबई हुई थी, वहीं पूरा सीजन खेला गया था। पहले दो सीजन कुल मिलाकर दुबई में हुए थे। हालांकि 2017 का पीसीएलफाइनल पाकिस्तान (लाहौर) में ही हुआ था। कोविड-19 महामारी के कारण 2021 में छठे सीजन का कुछ हिस्सा भी यूएई में खेला जाना था। पीसीएल में किसी भी तरह की देरी से पाकिस्तान के इंटरनेशनल लेंडर पर भी असर पड़ने की संभावना है। बांग्लादेश को पीएसएल फाइनल के तीन दिन बाद पाकिस्तान पहुंचना था, जो मूल रूप से 18 मई को होना था, जिसमें से पहला टी20 मैच 25 मई को फैसलाबाद में शुरू होना था। पीसीबी ने क्रिकइन्फो को बताया कि उस सीरीज पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

### पीसीएल बनाम आईपीएल का एक साथ हो रहा आयोजन

इस साल इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग का आयोजन लगभग एक साथ हो रहा है। पीएसएल 2025 की शुरुआत 11 अप्रैल को हुई और इसका फाइनल मुकाबला 18 मई को होगा। जबकि आईपीएल का आगाज 22 मार्च को हुआ और खिताबी मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के बाद पीएसएल का ड्राफ्ट हुआ था, ताकि उन्हीं खिलाड़ियों को शामिल किया जा सके जो आईपीएल ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे।

### पहलगाम आतंकी हमले का जवाब है ऑपरेशन सिंदूर

ध्यान रहे 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकी हमला हुआ था, जहां 26 पर्यटकों की मौत हुई थी. इसके बदले में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूरके तहत 6 और 7 मई की दरम्यानी रात मिसाइल हमले किए थे, इसमें कई आतंकवादी ढेर हो गए थे. इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को भारत के सीमाई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने तमाम हमलों को नाकाम कर दिया. इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान के कई शहरों में हमले किए, और यहां तक की कराची के पोर्ट तक को तबाह कर दिया गया. भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया है, साथ ही पाकिस्तान एयरफोर्स का AWACS विमान उनके ही पंजाब प्रांत में ध्वस्त कर दिया.

## आईपीएल में आज एलएसजी बनाम आरसीबी

# लखनऊ के लिए करो या मरो वाला मुकाबला, हेड टु हेड में बेंगलुरु आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 59वें सीजन में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। दोनों ही टीमें इस सीजन पहली बार आमने-सामने होंगी। लखनऊ को अपने पिछले मुकाबले में पंजाब से 37 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, बेंगलुरु ने अपने पिछले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 2 रन से हराया था।




11 मैच में से 6 मैच हार चुकी लखनऊ के लिए प्लेऑफ के लिहाज से ये मैच करो या मरो का है। टीम हारी तो बाहर हो जाएगी। वहीं, पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर काबिज आरसीबी नॉकआउट में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी। टीम के 11 मैचों में 8 जीत के साथ 16 पॉइंट्स हैं। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अब तक कुल पांच मैच खेले गए है। जिसमें से आरसीबी ने तीन मैच जीते हैं तो वहीं एलएसजी ने दो मुकाबले अपने नाम किए हैं।

### विराट कोहली आज बन सकते हैं टॉप स्कोरर

आरसबी से विराट कोहली ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वे आज 6 रन बनाते ही टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर भी बन जाएंगे। जोश हेजलवुड 18 विकेट लेकर टीम के टॉप गेंदबाज हैं। वे इंजरी के कारण पिछला मैच नहीं खेल सके। अगर हेजलवुड आज खेले तो 3 विकेट लेकर टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बन सकते हैं।

### पॉसिबल प्लेइंग-12

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** ऋषभ पंत, एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, द्य आयुष बडोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, आवेश खान, मयंक यादव, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, मिचेल मार्श।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटादीर (कप्तान), जैकब बैथेल, विराट कोहली, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, सुयश शर्मा, देवदत्त पडिक्कल।

# जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा, धर्मशाला में मैच रद्द होने के बाद बोले दर्शक

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य कार्रवाई के बीच बुधवार को धर्मशाला में खेला जा रहा पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया। पड़ोसी शहर जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद आईपीएल मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया।

### बंद कर दी गईं थीं स्टेडियम की लाइटें

पंजाब की टीम 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब लाइटें चली गईं लेकिन इसका कारण पहले फ्लडलाइट की खराबी बताया गया था। बारिश के कारण खेल निर्धारित समय से देरी से शुरू हुआ था। आखिरकार टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। धर्मशाला के खूबसूरत मैदान की क्षमता लगभग 23,000 है और खाली कराए जाने के समय यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, दर्शकों में कोई घबराहट नहीं थी। उन्हें (दर्शकों और खिलाड़ियों को) बहुत सावधानी से और सुरक्षित रूप से स्टेडियम से बाहर ले जाया गया। मैदान से बाहर निकलने के बाद फैंस पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिक्रि या दे रहे हैं।

## मनोरंजन बॉलीवुड का कोना



# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी पाकिस्तानी कंटेंट बैन, भारत का एक और बड़ा एक्शन

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया, जिससे वहां खौफ का माहौल बना हुआ है। भारत पाक के बीच टेंशन बढ़ती ही जा रही है। पहले वहां के कलाकारों पर बैन तो लगा ही था, अब एक और बड़ा एक्शन हुआ है। पाकिस्तानी मीडिया पर पूरी तरह रोक लगाते हुए, नेशनल सिक्योरिटी की बात को ध्यान में रखते हुए सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि इंडिया में जो भी पाकिस्तानी वेब सीरीज, फिल्म, गाने, पॉडकास्ट या अगर कोई स्ट्रिमिंग मीडिया कॉन्टेंट चल रहा है तो उसे तुरंत प्रभाव से रोक दिया जाए। अगर किसी ने सब्सक्रिप्शन के अंतरगत इसे लिया हुआ है तो उसके लिए भी इसे हटा दिया जाए। पाकिस्तान से जुड़ा कोई भी कॉन्टेंट इंडिया में कोई कन्ज्यूम नहीं करेगा। पाकिस्तानी कॉन्टेंट को पूरी तरह बायकॉट किया जाएगा। भारत में पाकिस्तानी एक्टर्स के काम करने को लेकर सरकार ने बैन लगा दिया है। सिर्फ इतना ही नहीं, जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 नागरिकों की जान गई थी। उसके बाद पाकिस्तान के सभी सिंगर्स और एक्टर्स को इंस्टाग्राम से ब्लॉक कर दिया गया था। भारत में किसी भी पाक एक्टर की पोस्ट दिखाई नहीं देगी, ये अपडेट आई थी। हालांकि, इसपर भी पाकिस्तानी सेलेब्स ने नाराजगी जताई थी।

# बड़े पर्दे पर श्री कृष्ण अवतार में दिखेंगे आमिर बनाएंगे महाभारत? बोले- मैं बहुत इंस्पायर

बॉलीवुड के मिस्टर परफैक्शनिस्ट आमिर खान जल्द ही फिल्म सितारे जमीन पर में नजर आने वाले हैं। फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। पर इस प्रोजेक्ट से ज्यादा आमिर के लिए एक और प्रोजेक्ट है। वो है फिल्म %महाभारत%। पिछले कुछ महीनों से आमिर अपने इस प्रोजेक्ट को लेकर सुर्खियों में आए हुए हैं। हाल ही में एक निजी वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में आमिर ने इस प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की।



**आमिर ने की %महाभारत% प्रोजेक्ट पर बात-** फिल्म %महाभारत% बनाने को लेकर आमिर ने बताया कि ये उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। वैसे तो वो इस फिल्म में कोई भी किरदार अदा कर सकते हैं, लेकिन अगर भगवान श्री कृष्ण का रोल उन्हें करने को मिलता है तो वो इसे हाथ से नहीं जाने देंगे। आमिर ने कहा- मेरा ड्रीम है कि मैं %महाभारत% बनाऊं। ये ड्रीम थोड़ा मुश्किल है, पर मैं इसे पूरा करना चाहता हूं। %महाभारत% किसी को निराश नहीं करेगी। 20 जून को पहले %सितारे जमीन पर% रिलीज हो जाए। इसके बाद मैं %महाभारत% पर काम करना शुरू करूंगा। कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि ये बड़ा प्रोजेक्ट है। बाकी मैं औ कुछ नहीं कह सकता हूं।

### कई पाट्र्स में रिलीज होगी महाभारत

रही बात आमिर खान के महाभारत में किरदार अदा करने की तो इसपर एक्टर ने कहा कि मुझे भगवान कृष्ण का अगर किरदार मिलता है तो मैं वो करूंगा, क्योंकि वो काफी इंस्पायरिंग है। ये रोल मुझे प्रिय भी है। कुछ समय पहले आमिर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि महाभारतफिल्म कई पाट्र्स में रिलीज होगी। पर सारे पाट्र्स इसके एक साथ शूट होते रहेंगे। इसके लिए वो एक नहीं कई डायरेक्टर्स को एक साथ काम पर लगाएंगे। इस प्रोजेक्ट को वो खुद प्रोड्यूस करेंगे। इसके बाद इसमें रोल अदा करने के बारे में सोचेंगे। आमिर आजकल सितारे जमीन पर के प्रमोशन्स में बिजी चल रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर 8 मई को रिलीज हुआ है। कुछ दिनों पहले इसका फर्स्ट लुक पोस्ट रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। अब ट्रेलर के बाद फिल्म की रिलीज पर लोगों की नजरें हैं। फिल्म का निर्देशन आरएस प्रसन्ना ने संभाला है। जेनेलिया डेशमुख इसमें लीड रोल में नजर आने वाली हैं। आमिर और जेनेलिया एक साथ 3 साल बाद पर्दे पर नजर आएंगे।



## मेट्रो बाजार

# सेबी ने पेटीएम पर 1.11 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

**मुंबई।** सेबी ने एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स मामले में सेटलमेंट के तहत पेटीएम के फाउंडर और ष्टश्वह्र विजय शेखर शर्मा पर 3 साल तक नए एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ वन97 के दिए हुए को एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स रद्द कर दिया है।

सेबी ने पेटीएम और विजय शेखर दोनों पर 1.11 करोड़ का भी जुर्माना लगाया है। इसके अलावा कंपनी के ष्टस्नह्र अजय शेखर शर्मा ?57.11 लाख का फाइन लगाया गया है। अजय को एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स से मिले 3,720 शेयर बेचकर कमाए ?35.86 लाख भी वापस करने होंगे।

इससे पहले 16 अप्रैल को विजय शेखर शर्मा ने 2019 में मिले 21



मिलियन यानी 2.1 करोड़ एम्प्लॉई स्टॉक ऑप्शन सरेंडर कर दिए थे। सेबी ने शेयर-बेस्ड एम्प्लॉई बेनेफिट्स देने के नियमों के उल्लंघन पर 2024 में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अगस्त 2024 में सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने बताया था कि विजय शेखर शर्मा को 2.1 करोड़ एम्प्लॉई स्टॉक ऑप्शन देना, शेयर-बेस्ड एम्प्लॉई बेनेफिट्स को कंट्रोल करने वाले उसके नियमों का उल्लंघन है। भारतीय नियमों के अनुसार, कंपनी के फैसलों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाले बड़े शेयरधारक एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स नहीं रख सकते हैं। एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स या एम्प्लॉई स्टॉक ओनरशिप प्लान एक ऐसी योजना है जिसमें कंपनी अपने कर्मचारियों को कंपनी के शेयर ऑफर करती है जो आमतौर पर मार्केट वैल्यू से कम कीमत पर होते हैं। यह एक तरह का एम्प्लॉई बेनिफिट है जो एम्प्लॉइज को कंपनी में हिस्सेदारी देता है।

# आईएमएफ पाक को 11,113 करोड़ देगा या नहीं फैसला आज भारत कर सकता है विरोध

**मुंबई।** इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) का एग्जीक्यूटिव बोर्ड आज यह तय करेगा कि पाकिस्तान को 1.3 बिलियन डॉलर (करीब 11,113 करोड़) का नया लोन देना है या नहीं। पाकिस्तान को यह पैकेज क्लाइमेट रेजिलिएंस लोन प्रोग्राम के तहत दिया जाना है। बोर्ड की मीटिंग में भारत इसका विरोध कर सकता है क्योंकि पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के चलते दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। ऐसे में भारत नहीं चाहेगा कि पाकिस्तान को कोई भी फंड मिले और वह इसका इस्तेमाल भारत में आतंकवाद फैलाने पर करे।




**7 बिलियन डॉलर के पैकेज की पहली समीक्षा-** आईएमएफ के आज की मीटिंग में एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी के तहत पाकिस्तान को मिल रहे 7 बिलियन डॉलर (करीब 59 हजार करोड़ रुपए) की मदद की पहली समीक्षा भी होनी है। मीटिंग में यह तय होगा कि पाकिस्तान को इस पैकेज की अगली किस्त देनी है या नहीं।

पाकिस्तान और आईएमएफ ने जुलाई 2024 में तीन साल के लिए 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज पर सहमति जताई थी, जिसके तहत नए कार्यक्रमों से पाकिस्तान को आर्थिक मजबूती देने पर काम किया जाना है। 37 महीने के ईएफएफ कार्यक्रम (सहायता कार्यक्रम) में पूरा पैसा मिलने तक छह समीक्षाएं होनी हैं।

# ईंटखेड़ी में युवक ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव रायपुर में गुरुवार दोपहर एक युवक ने जहर खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मरने से पहले युवक के बयान नहीं हो सके है। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। शुक्रवार को पीएम के दौरान परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस के अनुसार संजय साहू पिता भूरा सिंह साहू (30) गांव रायपुर, ईंटखेड़ी में रहता था। एएसआई सुरेंद्र वाजपेयी ने बताया कि संजय दूध बांटने का काम करता था। गुरुवार दोपहर उसने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। उल्टियां करने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



# सूखी सेवनिया में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



**भोपाल।** सूखी सेवनिया में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन के बयान होने के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार अमरसिंह अहिरवार (32) ग्राम इमलिया में रहता था और नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम करता था। बुधवार की शाम को अमरसिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी, जिससे खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो सके।

# बाइक सवार खंती में गिरे एक ने घटनास्थल और दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम

**भोपाल।** नजीराबाद इलाके में बीती रात बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे खंती में जा गिरे। इस हादसे में एक युवक की घटनास्थल ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि गोलू कुशवाह पुत्र काशीराम कुशवाह (24) सुठालिया जिला राजगढ़ का रहने वाला था। बुधवार की रात वह अपने दोस्त घनश्याम कुशवाह पुत्र गोपाल कुशवाह (25) निवासी मधुसूदनगढ़ जिला गुना के साथ नजीराबाद स्थित ग्राम कढ़ैया कला एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। शादी समारोह से लौट रहे युवक कार्यक्रम अटेंड करने के बाद दोनों दोस्त गुना जाने के लिए बाइक लेकर निकले थे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह खेरखेड़ी गांव के मोड़ पर पहुंचे, तभी उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खंती में जा गिरी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों से मिली सूचना के बाद उन्हें इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद गोलू कुशवाह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल घनश्याम का इलाज चल रहा था, लेकिन गुरुवार सुबह उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के बाद ही हादसे के कारणों का पता चल पाएगा।



### समय पर पड़ी ज्वैलर की नजर, आरोपियों को दबोचकर किया पुलिस के हवाले

# जेवर खरीदने के बहाने पहुंची महिलाओं व युवकों ने चुराई बाली और सोने के दाने

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित दस नंबर मार्केट में महालक्ष्मी ज्वैलर्स में गोल्ड खरीदने क बहाने पहुंची दो महिलाओं और उनके साथ मौजूद युवकों ने सोने की बाली और सोने के दाने चुरा लिए। गनीमत रही कि समय पर ज्वैलर्स की नजर स्टाक पर पड़ी और उन्होंने आरोपियों को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।**

जानकारी के अनुसार माधव अग्रवाल, दस नंबर मार्केट में महालक्ष्मी ज्वैलर्स नाम से ज्वैलरी शॉप का संचालन करते हैं। गुरुवार दोपहर वह ज्वैलरी



शॉप पर बहन और मां के साथ थे। इस दौरान एक महिला और युवक पहुंचे। उन्होंने सोने की बाली दिखाने का कहा। इसी बीच दूसरी महिला और युवक भी पहुंच गए।

उन्होंने सोने के दाने दिखाने का कहा। माधव और उनकी बहन आरोपियों को जेवर दिखाने लगे। इस दौरान एक महिला और युवक कान की बाली लेकर बाहर निकल गए। माधव की नजर पड़ी तो बाली नहीं थी।

दुकान में मौजूद अन्य महिला और युवक भी बाहर निकलने लगे। वे बाहर तक पहुंच गए थे। माधव ने उन्हें रोक लिया और बाहर निकली महिला और युवक को भी दुकान में बिठा लिया। उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास सोने की बाली और सोने की बूंदी वाली डिब्बी मिली।

### कहने लगे पैसे लेकर छोड़ दो

माधव अग्रवाल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस बीच आरोपी कहने लगे कि पैसे लेकर हमें छोड़ दो। माधव अग्रवाल का कहना है कि उनकी दुकान में छह महीने पूर्व इन्हीं आरोपियों के द्वारा 15 ग्राम का मंगलसूत्र चुरा गया था। उन्होंने दोनों फुटेज चेक किए। फुटेज में पुरानी वारदात और अभी हुई वारदात के आरोपी एक ही निकले। आरोपी ग्वालियर के रहने वाले हैं।

### सास के लॉकर से बहू ने निकाले 50 लाख रुपए के जेवर

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित एसबीआई ब्रांच से बुजुर्ग सास के लॉकर से बहू द्वारा पचास लाख रुपए के जेवर निकाले जाने का मामला सामने आया है। सास ने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने जांच के बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी बहू की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस के अनुसार मूलरूप से लखनऊ यूपी निवासी कुसुम अग्रवाल (67) यहां ए-सेक्टर बरखेड़ा में अपने बेटे के साथ रहती थीं। कुछ समय से वह लखनऊ में रह रही हैं। बुजुर्ग सास के जाली हस्ताक्षर कर वारदात को दिया अंजाम वहां उनका पुश्तैनी मकान है। पुश्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। कुसुम अग्रवाल ने साल 2010 में पिपलानी की एसबीआई शाखा में अपना बैंक लॉकर खुलवाया था। वह अधिकतर समय लखनऊ में रहती थीं इसलिए लॉकर ऑपरेट करने का अधिकार उन्होंने अपने बेटे को दिया था। पुलिस ने बताया कि साल 2019 में कुसुम अग्रवाल ने अपना बैंक लॉकर चैक किया तो उसमें रखे 50 लाख के जेवरात गायब मिले। लॉकर में उनके बेटे के जरूरी दस्तावेज यथावत रखे थे। बेटे से पूछताछ करने पर उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की। लिहाजा बैंक में पता करने पर पता चला कि उनकी बहू रितु अग्रवाल ने फर्जी हस्ताक्षर कर साल 2017 से साल 2019 के बीच बैंक लॉकर से 50 लाख रुपए के जेवरात निकाले हैं। हस्ताक्षर की जांच कराने पर फर्जी होने की पुष्टि हुई। दोषी पाए जाने पर पुलिस ने रितु अग्रवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी रितु अग्रवाल पटेल नगर में रहती हैं।

# आंखों की जांच कराने पहुंचा सजायाफ्ता कैदी हुआ फरार

**जेल प्रहरी को चकमा देकर हथकड़ी खिसकाकर भागा बदमाश**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**हमीदिया अस्पताल से गुरुवार सुबह नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजायाफ्ता कैदी फरार हो गया। कैदी को आंखों की समस्या होने के कारण जेल से हमीदिया अस्पताल इलाज के लिए लाया गया था। इस दौरान आरोपी जेल प्रहरी को चमका देकर हाथ में लगी हथकड़ी से हाथ खिसकाकर निकल गया। अपने स्तर पर कैदी की तलाश करने पर जब कुछ पता नहीं चला तो जेल प्रहरी ने जेल प्रबंधन को सूचना दी।**



इसके बाद कोहेफिजा थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हबीबगंज स्थित मानसरोवर स्थित झुग्गी बस्ती निवासी अमर प्रकाश उर्फ गुड्डू (28) को टीटी नगर इलाके में रहने वाली नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अमर भोपाल सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। कुछ दिन पहले उसने जेल अधिकारियों से आंखों में परेशानी होने की बात कही। गुरुवार सुबह अमर को कुछ अन्य कैदियों के साथ हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया गया। गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे अमर हमीदिया अस्पताल के आउटडोर काउंटर के पास अन्य कैदियों के साथ खड़ा था, तभी वह हथकड़ी से अपना हाथ निकालकर रॉयल मार्केट की ओर निर्माणाधीन मल्टी की ओर भाग और गेट फांदकर बाहर भाग गया।

### जेल प्रहरी ने किया पीछा

थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ला ने बताया कि जेल प्रहरियों ने शोर मचाया और उसे पकड़ने के लिए दौड़ भी लगाई, लेकिन वह पास के घनी आबादी वाले इलाके में घुस गया और उसका पता नहीं चल सका। कैदी के खिलाफ प्रकरण दर्ज

# छात्राओं से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोपी अबरार अब तक फरार



भोपाल, दोपहर मेट्रो

**छात्राओं से हुए दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग सहित धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी साहिल और साद को पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। अब उक्त प्रकरण में सभी आरोपी जेल जा चुके हैं।**

पुलिस ने भी फिलहाल किसी की भी रिमांड नहीं मांगी है। इससे माना जा रहा है कि पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर ली है। ऐशबाग थाने में साहिल के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ था। उक्त मामले

**राजधानी में लव जिहाद मामला**

में ऐशबाग पुलिस साहिल की रिमांड ले सकती है। इस सनसनीखेज मामले में आरोपी अबरार की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी। अबरार की तलाश के पुलिस की टीम पश्चिम बंगाल भी गई थी, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली सकी। जिसके बाद अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस ने कुछ दिन पहले उस पर 10-10 हजार का इनाम भी घोषित किया था। अबरार को लेकर पुलिस का कहना है कि उसकी लगातार तलाश की जा रही

**मेट्रो एंकर** चार दिन पहले जमानत पर जेल से बाहर आया था युवक, योजना बनाकर वारदात

# जमानत पर छूटकर आए युवक पर फायर, जांघ के पास लगी गोली

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग फरहत अफ्जा में गुरुवार शाम बदमाश ने एक युवक पर फायर कर दिया। फायर होने से गोली युवक की जांघ को छूती हुई निकल गई। युवक चार दिन पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर आया था। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश है। पुलिस ने उक्त मामले में फायर करने वाले बदमाश और उसके अन्य साथियों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बाग फरहत अफ्जा ऐशबाग निवासी अरमान पिता राजा मियां (26) करीब चार माह पहले हुए हत्या के मामले में जेल में बंद था। चार दिन पहले ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया



है। गुरुवार शाम करीब सवार 4 बजे वह बाग फरहत अफ्जा में रहने वाले रिश्तेदार के घर गया था। वहां घर के बाहर परिचितों से बात कर रहा था, तभी फैसल नाम का बदमाश अपने चार-पांच साथियों के साथ मौके पहुंचा और देशी कट्टे से फायर कर दिया। फायर होने के बाद गोली अरमान को जांघ के पास लगी। अरमान अपनी जान बचाकर घर के अंदर भागा तो फैसल भी घर के अंदर घुसने लगा। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने अरमान की शिकायत पर फैसल, आमिर, सलमान, फाजिल व अयान के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फुटेज में फैसल नाम का आरोपी पिस्टल लिए आता है और अरमान पर गोली चला देता है। आरोपी बिल्कुल पास जाकर गोली चलाता नजर आ रहा है। उसके साथ धारदार हथियारों से लैस तीन-चार अन्य युवक भी आकर हमला करते नजर आ रहे हैं। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी बाइक में भी तोड़फोड़ की है।

### तीन माह पूर्व हुआ था विवाद

एसआई प्रदीप गुर्जर ने बताया कि अरमान और फैसल के दोस्त नफीस के बीच चार माह पूर्व विवाद हुआ था। उस मामले में नफीस की शिकायत पर अरमान के खिलाफ हत्या का प्रयास का मुकदमा कायम हुआ था। पुलिस ने अरमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुरूआती जांच से प्रतीत हो रहा है कि बदला लेने के लिए आरोपी अरमान का जेल से बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। जेल से बाहर आते ही आरोपियों ने हमला कर दिया।

# चाय की दुकान के सामने युवती का बैग उड़ाया

भोपाल, दोपहर मेट्रो

स्टेशन बजरिया स्थित एक चाय की दुकान के सामने रखा युवती का बैग चोरी हो गया। घटना के समय युवती बैग रखकर चाय का पेमेंट करने लगी थी, तभी किसी ने बैग उड़ा लिया। इधर हबीबगंज इलाके में कार में रखा नोटों भरा एक बैग चोरी चला गया।

पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अवधपुरी में रहने वाली कीर्ति पांडेय (35) प्रायवेट कंपनी में नौकरी करती है। पिछले दिनों पर टीकमगढ़ से भोपाल ट्रेन से आई थी। रात करीब सवा ग्यारह बजे कीर्ति सामने लेकर स्टेशन से बाहर निकली और एक चाय की दुकान पर चाय पीने लगी। इस दौरान उन्होंने अपना बैग पास ही रख दिया था।

चाय पीने के बाद वह दुकानदार को पेमेंट करने लगी, तभी किसी ने उनका बैग चोरी कर लिया। चोरी गए बैग में कपड़ों के अलावा 4 हजार



रुपए नकद, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, लैपटाप चार्जर, पैनकार्ड समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे।

चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई गई है। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बैग का कुछ पता नहीं चला तो उन्हीं बाद में थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर हबीबगंज थानांतर्गत ऋषी नगर स्थित हनुमान मंदिर के सामने खड़ी विशाल मकील की कार में रखा एक बैग चोरी चला गया। चोरी गए बैग में 60 हजार रुपए नकद और बैंक की चेकबुक रखी हुई थी।

इसी प्रकार ऐशबाग थानांतर्गत बिहारी मोहल्ले में रहने वाले सोनू सिलावट के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर बैटरी और गैस सिलेंडर समेत करीब दस हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** संपादक **आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022